*महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र, प्रयागराज*

*द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की रिपोर्ट*

# कार्यक्रम प्रतिवेदन

**(दिनांक 12/08/2024 से 12/02/2026 तक )**

*उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज*

*शान्तिपुरम, फाफामऊ, प्रयागराज–211021*

*वेबसाइट : **www.uprtou.ac.in***

# कुलगीत

सद्ज्ञान तीर्थ पावन नगरी यही सुहाती।

सबके लिए सुशिक्षा संकल्प शुभ सुनाती।।

शिक्षा जगत पुरोधा आदर्श राष्ट्र–नायक।

हिन्दी प्रबल समर्थक सद्भावना विधायक।।

यह मुक्त पीठ अनुपम राजर्षि जिसकी थाती।

सबके लिए सुशिक्षा ————————।।

संगम मनीषियों की चिन्तन धरा मनोहर।

भगवान राम अपने दीक्षित हुए यहीं पर।।

विज्ञान, धर्म, दर्शन के मंत्र को जगाती।

सबके लिए सुशिक्षा ————————।।

गंगा, सरस्वती माँ, यमुना की वाग्धारा।

स्वाध्याय, स्वावलम्बन, मंथन पुनीत नारा।।

मंगलमयी उषा से सबका हृदय खिलाती।

सबके लिए सुशिक्षा ————————।।

उत्तर प्रदेश व्यापी अध्ययन केन्द्र न्यारे।

दूरस्थ ज्ञान पद्धति आधार हैं हमारे।।

विद्या प्रसार माध्यम संचार तंत्र पाती।

सबके लिए ——————————।।

सत्कर्म, मुक्त चिंतन, आदर्श पथ चलें हम।

ज्ञानी बनें, गुणी हों, मंजिल पहुँच के लें दम।।

जीवन जगत् समुज्ज्वल का सूत्र नित सिखाती।

सबके लिए सुशिक्षा संकल्प शुभ सुनाती।



माननीया श्रीमती आनंदीबेन पटेल

श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश एवं कुलाधिपति

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

# प्रमुख सूत्र वाक्य

''हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ''

''गुरुकुल से छात्रकुल तक''

''शिक्षा शिक्षार्थी के द्वार तक''

''सबको शिक्षा, सबको ज्ञान''

''जब भी चाहें प्रवेश पाएँ,
घर बैठे अध्ययन सामग्री पाएँ''

''स्टूडेन्ट इज द किंग''

''क्लीन कैम्पस, ग्रीन कैम्पस''

# प्राक्कथन
# Foreword



महान स्वततंत्रता सेनानी, भारत रत्न राजर्षि टण्डन पुरुषोत्तम दास टण्डन जी की स्मृति में स्थापित 'उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज' उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य का एकमात्र प्रादेशिक मुक्त विश्वविद्यालय है। पतित पावनी गंगा, श्याम सलिला यमुना तथा अन्तः सलिला सरस्वती के संगमस्थल प्रयागराज में 1998 ई0 में स्थापित यह विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा में शैक्षिक गुणवत्ता को सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करते हुए निरन्तर उच्च शिक्षा के प्रचार–प्रसार के लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है।

सम्प्रति, यह विश्वविद्यालय अपने लगभग 1500 अध्ययन केन्द्रों व 12 क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से 15 शोध विषयों सहित 87 शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है। इस वर्ष प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की पहुंच को व्यापक बनाने के लिए अनेक नये अध्ययन केन्द्र भी खोले गए हैं। वर्तमान में इस विश्वविद्यालय में लगभग 1 लाख 80 हजार शिक्षार्थी नामांकित हैं।

विश्वविद्यालय को इस वर्ष 12बी के स्टेटस प्राप्ति के साथ–साथ एन.आई.आर.एफ. में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। हमारे विश्वविद्यालय के सभी स्नातक और परास्नातक कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं के अनुसार अद्यतन रूप में संचालित हैं तथा पूर्णतया समर्थ पोर्टल के माध्यम से नामांकन प्रक्रिया गतिमान है। शिक्षार्थियों को प्रदान की जाने वाली स्व अध्ययन सामग्री में विश्वविद्यालय ने आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है। अब सभी कार्यक्रमों की पाठ्य सामग्री डिजिटल रूप में विश्वविद्यालय की वेबसाइट से भी डाउनलोड की जा सकती है। आनलाइन अधिगम संसाधन की दिशा में प्रगति करते हुए विश्वविद्यालय स्वयं प्रभा चैनल–14 के लिए प्रथम चक्र में स्वीकृति प्राप्त 12 शैक्षिक पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित लगभग 400 लेक्चर्स की रिकार्डिंग करवा रहा है।

राष्ट्र के विकास में महिलाओं की अहम् भूमिका को स्वीकार करते हुए उनकी क्षमताओं एवं योगदान का सम्मान किया जाना आवश्यक है, जिसके लिए समाज में महिलाओं के स्थान को सुदृढ़ करने के लिए उन्हें स्वावलंबी और शिक्षित बनाना शिक्षण संस्थाओं का उत्तरदायित्व है। मा0 कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल आदरदणीया श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के मार्गदर्शन पर महिलाओं को सामाजिक एवं राजनीतिक अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने तथा उनमें वित्तीय एवं न्यायिक सुरक्षा प्राप्त करने की सामर्थ्य विकसित करने हेतु विश्वविद्यालय में 'महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र' की स्थापना की गयी है। यह केन्द्र विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को जागरूक बनाने एवं प्रेरित करने हेतु प्रयासरत है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नामांकन लक्ष्य की पूर्ति के लिए, विश्वविद्यालय निरंतर प्रयत्नशील है और राज्य के असेवित क्षेत्रों और ग्रामीण महिलाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय ने गोद लिए गांवों में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्रों और विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की हैं और विजेताओं को पुरस्कृत करने का प्रावधान किया गया है। महिला अध्ययन केन्द्र के माध्यम से हम ग्रामीण महिलाओं के कौशल को पहचानने और उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के प्रशिक्षण के लिए बाल बिकास एवं पोषण पर आधारित पाठ्यक्रम का निर्माण कर उसे लागू किया है, विश्वविद्यालय द्वारा इसकी स्वअधिगम सामग्री का निर्माण भी किया गया है। महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र द्वारा ग्रामीण महिलाओं की आन्तरिक प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए गत वर्ष विश्वविद्यालय में हस्तशिल्प मेले का आयोजन भी किया गया।

महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र के प्रतिवेदन को तैयार करने में निःसन्देह ही काफी तन्मयता एवं लगनशीलता की आवश्यकता होती है। महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र  ने इसे तैयार करने में अपने दायित्वों के निर्वहन का यथासंभव प्रयास किया है। मैं इस प्रतिवेदन के सम्पादक मण्डल के सभी सदस्यों को साधुवाद देता हूं जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से इसे मूर्त रूप प्रदान किया है।

आचार्य सत्यकाम

कुलपति

# आमुख

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक दायित्वों के साथ–साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रारंभ से ही सजग रहा है। इसी क्रम में सचिवालय के पत्र संख्या ई–3354/जी.एस. दिनांक 28 मई 2021 के अनुपालन में विशेष रुप से महिला उत्थान संबंधी गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के संचालन हेतु विश्वविद्यालय में दिनांक 10 जून 2021 को महिला अध्ययन केन्द्र की स्थापना की गयी। जिसके अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वाभिमान, आर्थिक स्वावलम्बन आदि को दिशा में प्रेरित करना तथा उन्हें परम्परागत सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध जागरूक करना है, ताकि उन्हें अपने जीवन–विकास के समान अवसर मिल सके। महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से माननीय कुलपति आचार्य सत्यकाम के निर्देशानुसार दिनांक 12 अगस्त 2024 को केन्द्र का पुर्नगठन किया गया।

महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत निकटवर्ती गाँवों में महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वाभिमान एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए तथा तकनीकी संसाधनों के प्रयोग के प्रति उनमें जागरुकता लाने और सामाजिक कुप्रथाओं के विरूद्ध उन्हे सजग करने के लिए अनेक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

इसी क्रम में पुर्नगठित केन्द्र का प्रथम कार्यक्रम विज्ञान विद्याशाखा द्वारा गोद लिये गाँव गोहरी के मोहनगंज फुलवरिया ऑगनबाड़ी केन्द्र में दिनांक 04 सितम्बर, 2024 को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के अन्तर्गत सितम्बर माह में 'साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम' के रुप में आयोजित किया गया।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के वर्ष 2024 में होने वाले 19वें दीक्षान्त समारोह के पूर्व  में दीक्षोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके सफल आयोजन में महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्याशाखाओं द्वारा गोद लिये गॉवों के आंगवाड़ियों एवं उन गॉवों में सरकार द्वारा संचालित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षारत विद्यार्थियों के बीच अलग–अलग प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया, जिसमें महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

केन्द्र के तत्वावधान में विज्ञान विद्याशाखा द्वारा गोद लिये गाँव गोहरी के 09 भिन्न–भिन्न ऑगनबाड़ियों में दिनांक 28 सितम्बर, 2024 को ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के अन्तर्गत 'स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।

महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र तथा 101 वाहिनी द्रुत कार्य बल, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 28 नवम्बर 2024 को उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह के सामने प्रांगण में आयोजित किया गया।

महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र द्वारा विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कन्द्रों (आजमगढ़, झाँसी, कानपुर, गोरखपुर, अयोध्या, लखनऊ) पर दिनांक 27 एवं 28 फरवरी 2025 को भाषण एवं नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता में विजित सभी प्रतिभागियों को एवं विश्वविद्यालय के शोध छात्रों को विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में दिनांक 01 मार्च 2025 को विश्वविद्यालय स्तर प्रतियोगिता आयोजित की। इस प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षार्थियों के मध्य सामाजिक जिम्मेदारी और सांस्कृतिक मूल्यों के क्षेत्रों में जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय का आयोजन कृषि विज्ञान विद्याशाखा द्वारा गोद लिये गाँव तिवारीपुर, लेहरा के कम्पोजिट विद्यालय लेहारा, सोरांव में कृषि विज्ञान विद्याशाखा एवं महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 07 मार्च 2025 को किया गया।

15 मई, 2025 को ''योगा फॉर हेल्थ'' का आयोजन कृषि विज्ञान विद्याशाखा द्वारा गोद लिये गाँव तिवारीपुर, लेहरा के कम्पोजिट विद्यालय लेहारा, सोरांव में कृषि विज्ञान विद्याशाखा एवं महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि के संयुक्त तत्वावधान से किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के वैश्विक थीम ''एण्डिंग प्लास्टिक पॉयूलनशन गोल्बली'' कार्यक्रम दिनांक 05 जून, 2025 को आयोजित किया गया तथा दिनांक 27 जून 2025 को कृषि विज्ञान विद्याशाखा एवं महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के 20वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में दीक्षोत्सव कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 11–13 अगस्त 2025 तक किया गया। महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र के तत्वावधान में विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विद्याशाखाओं के माध्यम से गोद लिये गॉवों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के संचालन एवं वहाँ की भिन्न–भिन्न ऑगनबाड़ियों में जाकर ऑगनबाडियों की कार्यकत्रियों के सहयोग से विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम के प्रतिपादन के साथ–साथ गोद लिये गॉवों में संचालित प्राथमिक, पूर्वमाध्यमिक विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का आयोजन करके उनकी प्रतिभाओं को विश्वविद्यालयीय मंच के माध्यम से प्रदेश भर में प्रदर्शित करने का प्रयास किया।

दिनांक 18 सितम्बर 2025 को कृषि विज्ञान विद्याशाखा एवं महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र वर्ष भर महिलाओं के विकास से जुड़े कार्यक्रमो का आयोजन करता रहता हैं। महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र ग्रामीण महिलाओ के उत्थान संबंधी विभिन्न गतिविधियों को नूतन आयाम देने हेतु प्रतिबद्ध है।

प्रो0 श्रुति
प्रभारी
महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

# महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र के प्रभारी एवं सदस्यगण



प्रो. श्रुति
प्रभारी



प्रो. आनन्दानन्द त्रिपाठी
सह–प्रभारी



डॉ. साधना श्रीवास्तव
सहायक–प्रभारी



डॉ. त्रिविक्रम तिवारी
सहायक–प्रभारी



डॉ. स्मिता अग्रवाल
सदस्य



डॉ. अतुल कुमार मिश्रा
सदस्य



डॉ. दीपा चौबे
सदस्य



श्री राजेश गौतम
सदस्य



डॉ. अनिल कुमार यादव
सदस्य



डॉ. दीपमाला गुप्ता
सदस्य



डॉ. धर्मवीर सिंह
सदस्य



डॉ. आर.पी. सिंह
सदस्य



डॉ. अब्दुल रहमान
सदस्य



डॉ. सफीना सामवी
सदस्य



श्री अंकित मिश्रा



श्री अमित शर्मा

# प्रतिवेदन अनुक्रमणिका

प्राक्कथन
आमुख

1. साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम, दिनांक 04 सितम्बर, 2024
2. दीक्षान्त समारोह कार्यक्रम, दिनांक 11 सितम्बर 2024
3. स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम, दिनांक 28 सितम्बर, 2024
4. शिल्प प्रदर्शनी कार्यक्रम, दिनांक 28 नवम्बर 2024
5. भाषण एवं नाट्य प्रस्तुति प्रतियोगिता कार्यक्रम, दिनांक 01 मार्च 2025
6. पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम, दिनांक 07 मार्च 2025
7. "Yoga for One Earth One Health" कार्यक्रम, दिनांकः 15 मई, 2025
8. पर्यावरण दिवस कार्यक्रम 05 जून 2025
9. वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम, 27 जून 2025
10. दीक्षांत समारोह एवं दीक्षोत्सव कार्यक्रम दिनांक 11 से 13 अगस्त 2025
11. वृक्षारोपण कार्यक्रम, 18 सितम्बर 2025

परिशिष्ट–

1. महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र के पुर्नगठित की अधिसूचना।

# महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र एवं अन्य विद्याशाखाओं के संयुक्त तत्तवावधान द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण

| क्र. सं. | कार्यक्रम विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | **कार्यक्रम नाम :** साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम<br>**आयोजन तिथि :** 04 सितम्बर 2024<br>**आयोजन स्थल :** मोहनगंज फुलवरिया आंगनबाडी केन्द्र<br>**आयोजक :** महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**मुख्य अतिथि :** श्रीमती सीमा सत्यकाम<br>**अध्यक्ष :** प्रो. सत्यकाम कुलपति | **संयोजक :** प्रो0 श्रुति, प्रभारी निदेशक महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**सह संयोजक :** डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, सह–प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**आयोजन सचिव :** डॉ. साधना श्रीवास्तव , सहा0 प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**सह आयोजन सचिव एवं मुख्य वक्ता :** डॉ. त्रिविक्रम तिवारी, सहा0 प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र |
| 2. | **कार्यक्रम नाम :** दीक्षांत समारोह एवं दीक्षोत्सव कार्यक्रम<br>**आयोजन तिथि :** दिनांक 11 सितम्बर 2024<br>**आयोजन स्थल :** अटल प्रेक्षागृह विश्वविद्यालय सरस्वती परिसर<br>**आयोजक :** महिला अध्ययन विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**अध्यक्ष :** प्रो. सत्यकाम कुलपति | **संयोजक :** प्रो0 श्रुति, प्रभारी निदेशक महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र एवं प्रभारी निदेशक कृषि विज्ञान विद्याशाखा<br>**कार्यक्रम सहयोगी :** महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र के सह प्रभारी, सहायक प्रभारी एवं समिति के समस्त सदस्यगण |
| 3 | **कार्यक्रम नाम :** स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रमः ''स्वच्छता ही सेवा''<br>**आयोजन तिथि :** 28 सितम्बर 2024<br>**आयोजन स्थल :** गोहरी गाँव की सभी 09 अलग–अलग आँगनवाड़ियों में<br>**आयोजक :** महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**मुख्य अतिथि :** श्रीमती सीमा सत्यकाम<br>**अध्यक्ष :** प्रो. सत्यकाम कुलपति | **संयोजक :** प्रो0 श्रुति, प्रभारी निदेशक महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**सह संयोजक :** डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, सह–प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**आयोजन सचिव :** डॉ. त्रिविक्रम तिवारी, सहा0 प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**सह आयोजन सचिव :** डॉ. साधना श्रीवास्तव, सहा0 प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**मुख्य वक्ता :** डॉ. दीपा चौबे, सदस्य महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>डॉ. धर्मवीर सिंह, सदस्य महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र |
| 4. | **कार्यक्रम नाम :** शिल्प प्रदर्शनी<br>**आयोजन तिथि :** 28 नवम्बर, 2024<br>**आयोजन स्थल :** विश्वविद्यालय सरस्वती परिसर<br>**आयोजक :** महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**मुख्य अतिथि :** श्री सुनीत कुमार, डी.आई.जी., रेंज, CRPF<br>**विशिष्ट अतिथि :** श्री अनुभव सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, प्रयागराज<br>**अध्यक्ष :** प्रो. सत्यकाम कुलपति | **संयोजक :** प्रो0 श्रुति, प्रभारी निदेशक महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**सह संयोजक :** डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, सह–प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**समन्वयकः** डॉ. साधना श्रीवास्तव, डॉ. त्रिविक्रम तिवारी, डॉ. अतुल कुमार मिश्रा<br>**आयोजन सचिव :** श्री राजेश गौतम, डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. धर्मवीर सिंह, डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. अब्दुल रहमान<br>**सह आयोजन सचिव :** डॉ स्मिता अग्रवाल., डॉ. दीपा चौबे, डॉ. दीपमाला गुप्ता, डॉ. सफीना सामवी, सदस्य महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | **कार्यक्रम नाम :** भाषण एवं नाट्य प्रस्तुति प्रतियोगिता<br>**आयोजन तिथि :** 01 मार्च 2025<br>**आयोजन स्थल :** विश्वविद्यालय सरस्वती परिसर स्थित तिलक शास्त्रार्थ सभागार एवं विश्वविद्यालय के अन्य क्षेत्रीय केन्द्र<br>**आयोजक :** महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**अध्यक्ष :** प्रो. सत्यकाम कुलपति | **कार्यक्रम निदेशक :** प्रो0 श्रुति, प्रभारी निदेशक महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**संयोजक :** डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, सह–प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**आयोजन सचिव :** डॉ. साधना श्रीवास्तव, सहा0 प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र |
| 6. | **कार्यक्रम नाम :** पढ़ें विश्वविद्यालय/ पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय बढ़े महाविद्यालय<br>**आयोजन तिथि :** 07 मार्च 2025<br>**आयोजन स्थल :** कृषि विज्ञान विद्याशाखा द्वारा गोद लिये गाँव तिवारीपुर, लेहरा के कम्पोजिट विद्यालय लेहरा, सोरांव<br>**आयोजक :** कृषि विज्ञान विद्याशाखा एवं महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**अध्यक्ष :** प्रो. सत्यकाम कुलपति | **संयोजक :** प्रो0 श्रुति, प्रभारी निदेशक महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**सह संयोजक :** डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, सह–प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**आयोजन सचिव :** डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, सहायक आचार्य, कृषि विज्ञान विद्याशाखा<br>**सह–आयोजन सचिव :** डॉ. अनिल कुमार यादव, सदस्य महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>डॉ. दीपमाला गुप्ता, सदस्य महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र |
| 7. | **कार्यक्रम नाम :** Yoga for One Earth One Health<br>**आयोजन तिथि :** 15 मई 2025<br>**आयोजन स्थल :** कृषि विज्ञान विद्याशाखा द्वारा गोद लिये गाँव तिवारीपुर, लेहरा के कम्पोजिट विद्यालय लेहरा, सोरांव<br>**आयोजक :** कृषि विज्ञान विद्याशाखा एवं महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**अध्यक्ष :** प्रो. सत्यकाम कुलपति | **संयोजक :** प्रो0 श्रुति, प्रभारी निदेशक महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**सह संयोजक :** डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, सह–प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**आयोजन सचिव :** डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, सहायक आचार्य, कृषि विज्ञान विद्याशाखा<br>**सह–आयोजन सचिव :** श्री अमित कुमार सिंह, सहायक आचार्य, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा<br>डॉ. अनिल कुमार यादव, सदस्य महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र |
| 8. | **कार्यक्रम नाम :** Ending Plastic Pollution Globally<br>**आयोजन तिथि :** 05 जून 2025<br>**आयोजन स्थल :** विश्वविद्यालय गंगा परिसर एवं सरस्वती परिसर<br>**आयोजक :** विज्ञान विद्याशाखा एवं कृषि विज्ञान विद्याशाखा<br>**अध्यक्ष :** प्रो. सत्यकाम कुलपति | **समन्वयकः** प्रो0 आशुतोष गुप्ता, निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा<br>**संयोजक :** प्रो0 श्रुति, प्रभारी निदेशक कृषि विज्ञान विद्याशाख एवं प्रभारी निदेशक महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**आयोजन सचिव :** डॉ. धर्मवीर सिंह, सहायक आचार्य, विज्ञान विद्याशाखा<br>**सह–आयोजन सचिव :** डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, सहायक आचार्य, कृषि विज्ञान विद्याशाखा |

| | | |
|---|---|---|
| **9.** | **कार्यक्रम नाम :** वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम<br>**आयोजन तिथि :** 27 जून 2025<br>**आयोजन स्थल :** विश्वविद्यालय यमुना परिसर<br>**आयोजक :** कृषि विज्ञान विद्याशाखा एवं महिला अध्ययन विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**अध्यक्ष :** प्रो. सत्यकाम कुलपति | **संयोजक :** प्रो0 श्रुति, प्रभारी निदेशक कृषि विज्ञान विद्याशाख एवं प्रभारी निदेशक महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**आयोजन सचिव :** डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, सहायक आचार्य, कृषि विज्ञान विद्याशाखा<br>**सह–आयोजन सचिव :** डॉ. अतुल कुमार मिश्रा, सहायक आचार्य, मानविकी विद्याशाखा |
| **10.** | **कार्यक्रम नाम :** दीक्षांत समारोह एवं दीक्षोत्सव कार्यक्रम<br>**आयोजन तिथि :** दिनांक 11 से 13 अगस्त 2025<br>**आयोजन स्थल :** अटल प्रेक्षागृह विश्वविद्यालय सरस्वती परिसर<br>**आयोजक :** महिला अध्ययन विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**अध्यक्ष :** प्रो. सत्यकाम कुलपति | **संयोजक :** प्रो0 श्रुति, प्रभारी निदेशक महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र एवं प्रभारी निदेशक कृषि विज्ञान विद्याशाखा<br>**कार्यक्रम सहयोगी :** महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र के सह प्रभारी, सहायक प्रभारी एवं समिति के समस्त सदस्यगण |
| **11.** | **कार्यक्रम नाम :** वृक्षारोपण कार्यक्रम<br>**आयोजन तिथि :** 18 सितम्बर 2025<br>**आयोजन स्थल :** विश्वविद्यालय गंगा एवं सरस्तवी परिसर<br>**आयोजक :** महिला अध्ययन विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**अध्यक्ष :** प्रो. सत्यकाम कुलपति | **संयोजक :** प्रो0 श्रुति, प्रभारी निदेशक कृषि विज्ञान विद्याशाख एवं प्रभारी निदेशक महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र<br>**समन्वयक–** श्री कर्नल विनय कुमार<br>**सह–समन्वयक एवं कार्यक्रम प्रबन्धक–** श्री उमेश पाण्डेय |

# साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम

## दिनांकः 04 सितम्बर, 2024

# कार्यक्रम प्रतिवेदन

आयोजक

*महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र*

*उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज*

**साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम**
**04 सितम्बर, 2024**

**अध्यक्ष**
आचार्य सत्यकाम
माननीय, कुलपति, उ0प्र0राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

**मुख्य अतिथि**
श्रीमती सीमा सत्यकाम

**मुख्य वक्ता**
डॉ. त्रिविक्रम तिवारी,
सहायक– प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

**कार्यक्रम निदेशक**
प्रो0 आशुतोष गुप्ता
निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा

**संयोजक**
प्रो. श्रुति,
प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

**सह–संयोजक**
डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी
सह–प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

**आयोजन सचिव**
डॉ. साधना श्रीवास्तव
सहायक– प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

**सह आयोजन सचिव**
डॉ. त्रिविक्रम तिवारी
सहायक– प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

**आयोजन समिति**
डॉ. स्मिता अग्रवाल, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र
डॉ. अतुल कुमार मिश्रा, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र
श्री राजेश गौतम सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र
डॉ अनिल कुमार यादव, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र
डॉ. धर्मवीर सिंह, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र
डॉ. आर.पी. सिंह, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र
डॉ. दीपा चौबे, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र
डॉ. दीपमाला गुप्ता, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

**कार्यक्रम सहयोगी सदस्य**
श्री अंकित मिश्रा, श्री अनूप कुमार, श्री अमित शर्मा व श्री संतोष कुमार

# अनुक्रमणिका


1. प्रतिवेदन
2. मुख्य वक्ता का वक्तव्य

   परिशिष्टियाँ (1 से 5)

1. समाचार पत्रों की सुर्खियाँ (परिशिष्ट–1)
2. मुक्त चिंतन (परिशिष्ट–2)
3. उपस्थिति पत्रक (परिशिष्ट–3)
4. प्रेषित पत्र (परिशिष्ट–4)
5. कार्यक्रम की झलकियाँ (परिशिष्ट–5)

# *साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम प्रतिवेदन*

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के माननीय कुलपति आचार्य सत्यकाम के निर्देशानुसार दिनांक 12.08.2024 को महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र का पुर्नगठन किया गया। इसी क्रम में पुर्नगठित केन्द्र का प्रथम कार्यक्रम विज्ञान विद्याशाखा द्वारा गोद लिये गाँव गोहरी के मोहनगंज फुलवरिया ऑगनबाड़ी केन्द्र में दिनांक 04 सितम्बर, 2024 को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के अन्तर्गत सितम्बर माह में शिक्षक दिवस के पूर्व दिवस में 'साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम' के रुप में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य लोगों को साक्षर होने, सामाजिक और मानव विकास के अपने अधिकारों को जानने की आवश्यकता के बारे में जागरुक करना है।




परिवर्तनशील दुनिया में साक्षरता को बढ़ावा देने का उद्देश्य स्थायी और शांतिपूर्ण समाज की नींव का निर्माण करना होता है। विदित है कि सितम्बर माह को साक्षरता माह के रुप में जाना जाता है, भारत में 05 सितम्बर शिक्षक दिवस एवं 8 सितम्बर विश्व साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने नवम्बर 1965 में साक्षरता अभियान को एक दिवस के रुप में बनाने का फैसला किया था। अगले ही साल 8 सितम्बर को नई दिल्ली में

1966 में पहली बार विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया था। भारत में साक्षरता मिशन की स्थापना 5 मई 1988 को तत्कालीन प्रधानमंत्री ने की थीं। इसका उद्देश्य 2007 तक 15 से 35 आयु वर्ग के निरक्षर लोगों को व्यावहारिक साक्षरता प्रदान करते हुए 75 प्रतिशत साक्षरता का लक्ष्य हासिल करना था। कई राज्य अभी भी लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर हैं।

2011 की जनगणना के अनुसार देश में साक्षरता में लगातार वृद्धि हो रही है। देश में साक्षरता 74.04 फीसदी थी जिसमें 82.14 फीसदी पुरुषों और महिलाओं के लिए 65.46 फीसदी है। केरल में 93.91 प्रतिशत की साक्षरता दर, लक्ष्यद्वीप में 92.28 फीसदी और मिजोरम में 91.58 प्रतिशत है। बिहार की साक्षरता दर 63.82 फीसदी, अरुणाचल प्रदेश की 66.95 फीसदी और राजस्थान की 67.06 प्रतिशत है।

2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश की साक्षरता दर करीब 67.72 फीसदी है। इसमें पुरुषों की 77.3 फीसदी तथा महिलाओं की 57.20 फीसदी है। प्रयागराज की साक्षरता दर 72.3 फीसदी जहाँ पुरुषों की साक्षरता दर 85 फीसदी तथा महिलाओं की 62.67 फीसदी है।

25 से 27 सितम्बर 2015 में सयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में सतत् विकास लक्ष्यों [Sustainable Development Goals (SDG)] को बताया गया था तथा 2015 से लेकर 2030 तक सम्पूर्ण विश्व में इन लक्ष्यों को प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस बैठक में 193 देशों ने प्रतिभाग किया था। शिखर सम्मेलन की थीम ''Transforming our world: The 2030 Agenda for Sustainable Development'' थी। इसमें 17 लक्ष्य निर्धारित किये गये थे। जिसमें गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा (Equality Education) लक्ष्य–4 है, जिसका उद्देश्य समावेशी और न्यायसंगत गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना और सभी के लिए आजीवन सीखने के अवसरों को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में 2015 में गठित नीति आयोग के तहत हमारा देश भी SDG की लक्ष्य प्राप्ति हेतु सतत प्रयासरत है।

उपरोक्त के क्रम में पुर्नगठित महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र द्वारा साक्षरता दर में वृद्धि हेतु इस जागरुकता कार्यक्रम को आयोजित किया गया। साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम आयोजन के प्रारम्भ में डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, सह–प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र ने ऑगनबाड़ी में उपस्थिति

सभी महिलाओं तथा बच्चों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया तथा कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया।

जागरुकता कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा सत्यकाम रहीं। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती सीमा सत्यकाम जी ने महिलाओं से उनकी शिक्षा तथा कौशल एवं



अन्य विषयों पर चर्चा की तथा साथ ही उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें प्रेरित किया तथा बताया कि उनके शिक्षण एवं प्रशिक्षण का लाभ उनके परिवार तथा आस–पास की महिलाओं के साथ–साथ आस–पास के गॉवों की महिलाओं को भी मिलेगा, जिससे ग्रामीण महिलाओं का भी विकास होगा। महिलायें कौशल से सम्बन्धित विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लाभ प्राप्त कर अपने परिवार को भी उन्नत बना सकती हैं।

कार्यक्रम संयोजक प्रो0 श्रुति, प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र ने ऑगनबाड़ी की कार्यकर्त्रियों, सहायिकाओं तथा वहाँ उपस्थिति महिलाओं एवं बच्चों को डायरी, पेन वितरित किया तथा उनके पौष्टिक जलपान की व्यवस्था की गयी। प्रो0 श्रुति ने भी वहाँ उपस्थिति लोगो को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया।

साथ ही यह बताया कि एक शिक्षित महिला की भूमिका समाज को सुदृढ़ एवं विकसित बनाने में सहायक होती है।

उन्होंने कहा कि आज की प्रगतिशील दुनिया में साक्षर होना अब सिर्फ पढ़ने, लिखने और समझने तक ही सीमित नहीं रह गया है बल्कि विकसित होते डिजिटल युग ने कई प्रकार की साक्षरताओं को परिभाषा में ला दिया है। जिसके प्रति भी सभी को जागरुक रहने की आवश्यकता है। उदाहरणस्वरुप भाषाई, दृश्य, डिजिटल, श्रव्य, तकनीकी तथा स्थानिक साक्षरता हैं। भाषाई साक्षरता से तात्पर्य लिखित और मौखिक दोनों तरह के शब्दों के माध्यम से प्रभावी ढंग से संवाद करने की क्षमता से है। इस प्रकार की साक्षरता हमारी शिक्षा प्रणाली और दैनिक एवं कार्यस्थलीय जीवन के लिए जरुरी है। ये न केवल कार्यस्थल में महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे सामाजिक जीवन में भी आवश्यक है।

दृश्य साक्षरता, जो कि दृश्य सामग्री की व्याख्या करने और उसे बनाने की क्षमता का विकास है। साक्षरता का यह रूप आजकल तेजी से महत्वपूर्ण होता जा रहा है क्योंकि हम लगातार छवियों और विडियों से घिरे रहते हैं। दृश्य साक्षरता के माध्यम से हमें प्रभावी ढंग से संवाद करने में मदद मिलती है और यह चीजों को आसानी से समझने में तथा दृश्य सामग्री का आलोचनात्मक विवेचना तथा विश्लेषण करने में सहायक होती है। डिजिटल साक्षरता का मतलब है, सभी डिजिटल तकनीकों का प्रभावी तथा सुरक्षात्मक ढंग से उपयोग करने की क्षमता के विकास में सहायक होना। डिजिटल साक्षरता भी आज के आधुनिक युग में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। ऑडियो साक्षरता से मतलब है कि जिसमें हमें ऑडियों सामग्री की व्याख्या करने और उसे बनाने की क्षमता से है।

तकनीकी साक्षरता, नई–नई तकनिकियों तथा नवाचार करने के लिए नवीन प्रौद्योगिकी को सुगम तथा सुरक्षित रुप से उपयोग करने की क्षमता का विकास करना है। जैसे–जैसे तकनीकी (Technology) आगे बढ़ रही है, यह महत्वपूर्ण होता जा रहा है कि लोग नई तकनीकी से अवगत हों।

उन्होने बताया कि 21वीं सदी में साक्षरता की एक श्रृंखला विकसित करने की आवश्यकता पहले से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। प्रत्येक प्रकार की साक्षरता की अपनी प्रासंगिकता और महत्व है, जो सीधे तौर पर हमारे जीने, काम करने और सामाजिक व्यवहार को प्रभावित करती है, चाहे वह ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। स्वयं को अपने

सहकर्मियों को और अपने बच्चों को इन जरुरी साक्षरता कौशलों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना तेज़ी से बदलती दुनिया में सुरक्षित रूप से सफलता सुनिश्चित करने के लिए जरुरी है। उन्होनें साक्षरता के सभी प्रकारों से महिलाओं तथा बालिकाओं को अवगत कराया ताकि वे भविष्य में स्वावलम्बी बन सकें।




केन्द्र के सहायक प्रभारी एवं इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. त्रिविक्रम तिवारी ने महिलाओं को विश्वविद्यालय में जुड़ने हेतु प्रेरित किया उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही कहा कि जिस प्रकार विश्वविद्यालय महिलाओं को शिक्षित बनाने एवं उनकी उन्नति के लिए कार्य कर रहा है उसी प्रकार महिलाओं को भी विश्वविद्यालय की गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। एक पढ़ी–लिखी महिला अपने बच्चों की शिक्षा पर स्वंय ध्यान दे सकती है। महिलाओं एवं बेटियों की साक्षरता आने वाली पीढ़ियों की उन्नति में सहायक होती हैं। इनके साक्षर होने से समाज एवं राष्ट्र भी उन्नति करेगा।

साथ ही, उन्होंने महिलाओं को विश्वविद्यालय में संचालित कौशल विकास केन्द्र से जुड़ने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें उनके कौशलों को परिमार्जित कर नये–नये जीवनोपयोगी हुनर के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिये जाने वाले कार्यक्रमों से अवगत कराया। जिससे महिलायें भी प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्थिक रुप से स्वावलम्बी बन सके।




कार्यक्रम के समापन में आयोजन सचिव, डॉ. साधना श्रीवास्तव ने समस्त उपस्थिति लोगों का धन्यवाद किया तथा धन्यवाद् ज्ञापन के उपरान्त कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, श्रीमती सीमा सत्यकाम, कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर श्रुति, प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र, सह प्रभारी डॉ. आन्नदानंद त्रिपाठी, सहायक प्रभारी डॉ. साधना श्रीवास्तव एवं डॉ. त्रिविक्रम तिवारी तथा सदस्य श्री राजेश गौतम, डॉ अनिल कुमार यादव, डॉ. धर्मवीर सिंह, डॉ. दीपा चौबे, डॉ. दीपमाला गुप्ता, तथा कार्यक्रम सहयोगी श्री अंकित मिश्रा, श्री अनूप कुमार, श्री अमित शर्मा व श्री संतोष कुमार के साथ साथ गोहरी प्राथमिक विद्यालय के अध्यापिकागण तथा ग्रामीण अंचल की महिलायें, बच्चे, मोहनगंज फुलवरिया गोहरी, प्राथमिक विद्यालय ऑगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकत्रियाँ प्रियंका पाण्डेय, सुनीता देवी एवं सहायिकाएँ राजकुमारी, शान्ति देवी उपस्थित रहें। उपरोक्त कार्यक्रम में सभी ने पूर्ण मनोयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभायी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में कुलसचिव श्री विनय कुमार, वित्त अधिकारी श्रीमती पूनम मिश्रा एवं विश्वविद्यालय के विज्ञान विद्याशाखा द्वारा गोद लिये गॉव गोहरी के निदेशक प्रो0 आशुतोष गुप्ता का अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के बीच साक्षरता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से ऑगनबाड़ी में आयोजित किया गया।






# महिलाओं का साक्षर होना आवश्यक

सभी को नमस्कार,

उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की माननीया कुलाधिपति श्रीमती आंनदीबेन पटेल की प्रेरणा से विश्वविद्यालय में महिला अध्ययन केन्द्र की स्थापना हुई है और आज हम इस केन्द्र के कार्यक्रम में यहां उपस्थित हुए हैं। माननीया कुलाधिपति जी का मानना है कि विश्वविद्यालयों को महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तीकरण से जुड़कर समाज की प्रगति में अपना सार्थक योगदान देना चाहिए और इसी संदर्भ में हम आज महिला साक्षरता के महत्व पर चर्चा करने के लिए यहाँ एकत्रित हुए हैं।

हम भारतीय परम्परा के लोग हैं। हमारी संस्कृति हमें महिलाओं के सम्मान का पाठ पढ़ाती है। हमें अन्न चाहिए होता है तो हम धरती मां को पूजते हैं। धन, संपदा, वैभव चाहिए तो लक्ष्मी मां को पूजते हैं। विद्या चाहिए होती है तो शारदा मां को पूजते हैं। शक्ति चाहिए होती है तो दुर्गा मां को पूजते हैं अर्थात् हमें इस दुनिया में जीवन की समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मातृ शक्ति की शरण में जाना पड़ता है। मातृ शक्ति के महात्म को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी बखूबी समझते हैं और इसलिए वो 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना लेकर आते हैं। अर्थात् हमें बेटियों को संरक्षित करने और पढ़ा लिखा कर समर्थ बनाने की आवश्यकता है।

महिला साक्षरता एक ऐसा विषय है जो समाज की प्रगति और विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिला साक्षरता का मतलब है महिलाओं को शिक्षा के अवसर प्रदान करना ताकि वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझ सकें और समाज में समान भागीदारी कर सकें। एक साक्षर महिला न केवल अपनी जिंदगी को सुधार सकती है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी बेहतर दिशा दे सकती है। इस प्रकार शिक्षा के माध्यम से महिलाएं न सिर्फ अपने भविष्य का निर्माण करती हैं बल्कि वे परिवार, समाज और अंततः देश के निर्माण में योगदान देती हैं।

शिक्षा का अधिकार हर व्यक्ति का है, फिर चाहे वह पुरुष हो या महिला। महिला साक्षरता समाज की प्रगति की कुंजी है। जब महिलाएं शिक्षित होती हैं तो वे अपने परिवार के स्वास्थ्य, वित्तीय स्थिति और बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

आर्थिक सशक्तिकरण, समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार और बच्चों के भविष्य के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। एक शिक्षित महिला ने केवल खुद को मजबूत बनाती है, बल्कि अपने समाज को भी एक नई दिशा देती है और इस प्रकार राष्ट्र निर्माण में योगदान देती है।

महिला साक्षरता सिर्फ एक व्यक्तिगत अधिकार नहीं, बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी है। एक शिक्षित महिला न केवल अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझती है, बल्कि वह अपने

परिवार और समाज के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बनती है। शिक्षा से महिलाएं अपने भविष्य को बेहतर बना सकती हैं, और साथ ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं।

हम जानते हैं कि शिक्षा का अभाव महिलाओ को सामाजिक और आर्थिक रुप से पीछे रखता है। अनपढ़ महिलाएं स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के अवसरों से वंचित रहती हैं। इसका असर न केवल उनके जीवन पर, बल्कि उनके बच्चों के भविष्य और पूरे समाज पर पड़ता है। इसलिए महिला साक्षरता को बढ़ावा देना समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

महिला साक्षरता की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं, लेकिन अब भी बहुत किया जाना बाकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ शिक्षा की पहुंच अभी भी सीमित है, वहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर महिला को शिक्षा के समान अवसर प्राप्त हों, चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। हमारे परिवार और समाज की बंदिशें महिलाओं की उच्च शिक्षा तक पहुंच को रोकती हैं। ऐसे में मुक्त विश्वविद्यालय के रुप में हम शिक्षा को शिक्षार्थी के घर तक पहुंचाते हैं। हमारी शिक्षा पद्धति शिक्षार्थी उन्मुख है। इसमें समय की बाध्यता नहीं है। उम्र की सीमा नहीं है। हमारे प्रवेश वर्तमान में चल रहे हैं। आप सब इसमें प्रवेश ले सकते हैं।

शिक्षा मात्र एक डिग्री या प्रमाण पत्र नहीं होनी चाहिए। वास्तविक शिक्षा वह है जो हमारे जीवन में गुणात्मक परिवर्तन करे। हमारे माननीय कुलपति प्रो0 सत्यकाम जी के निर्देशन मे ंहम बहुत जल्द कौशल विकास के विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन करने वाले हैं जिसमें हमारा प्रयास होगा कि हम ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें आर्थिक रुप से स्वावलंबी बना सकें और उनके जीवन में गुणवत्तापरक योगदान दे सकें।

इसके लिए हमें सरकारी योजनाओं, गैर–सरकारी संगठनों और सामुदायिक प्रयासों का समर्थन करना होगा। शिक्षा के महत्व को लोगों के बीच प्रचारित करना होगा और समाज के सभी वर्गो को इसमें शामिल करना होगा।

साथ ही, हमें महिलाओं की शिक्षा को एक सामाजिक जिम्मेदारी के रुप में देखना होगा। परिवार और समाज दोनों को यह समझना होगा कि एक शिक्षित महिला ही अपने परिवार को सही दिशा दे सकती है और समाज को एक नई दिशा दिखा सकती है।

अंत में, मै यही कहूंगा कि महिला साक्षरता सिर्फ एक व्यक्तिगत लाभ नहीं है, बल्कि यह समाज के समग्र विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, चलिए हम सब मिलकर इस दिशा में प्रयास करें ताकि हर महिला को उसके सपनों को पूरा करने का अवसर मिल सके और समाज की समृद्धि की दिशा में एक कदम और बढ़ सके।

**डॉ. त्रिविक्रम तिवारी**
सहायक– प्रभारी,
महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

हिन्दी दैनिक
# सहज स्वरूप
राष्ट्रीय एकता के प्रति पूर्ण समर्पित प्रयागराज से प्रकाशित

**सुविचार**
मनुष्य को झूठ नहीं बोलना चाहिए।परन्तु अनावश्यक रूप से अप्रिय सत्य भी न बोला जाय। अत्यधिक बोलने से वाणी की शक्ति और विश्वसनीयता नष्ट हो जाती है
शुभ प्रभात।

वर्ष: 3, अंक 243 | प्रयागराज गुरूवार 05 सितम्बर, 2024 | विक्रम संवत 2081, | प्रातः संस्करण, पृष्ठ:8, | मूल्य: 01 रूपया

## कौशल प्रशिक्षण से परिवार को उन्नत बना सकती हैं ग्रामीण महिलाएं - सीमा सत्यकाम



प्रयागराज।उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केंद्र द्वारा बुधवार को विज्ञान विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गांव गोहरी के मोहनगंज फुलवरिया आंगनबाड़ी केंद्र मे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक दिवस के पूर्व दिवस पर साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा सत्यकाम ने कहा कि महिलाएं कौशल से संबंधित शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमो से लाभ प्राप्त करके अपने परिवार को उन्नत बना सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओ को अगर शिक्षित प्रशिक्षित किया जाएगा तो उसका लाभ उनके परिवार तथा आसपास के गांव की महिलाओ को भी मिलेगा। जिससे ग्रामीण महिलाओ का भी विकास होगा और वह सशक्त होगी। उन्होंने ग्रामीण महिलाओ को बेटियो की शिक्षा आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती सीमा सत्यकाम ने आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्रियो प्रियंका पांडे, सुनीता देवी एवं सहायिकाओ राजकुमारी, शांति देवी के साथ–साथ ग्रामीण अंचल की महिलाओ से उनकी शिक्षा तथा कौशल एवं अन्य विषयो पर चर्चा की।

महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केंद्र की प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर श्रुति ने आंगनबाड़ी के कार्यकर्त्रियो,सहायिकाओ तथा वहां उपस्थित महिलाओ एवं बच्चो को डायरी, पेन आदि वितरित किए। प्रोफेसर श्रुति ने ग्रामीण महिलाओ को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित महिला की भूमिका समाज को सुदृढ़ एवं विकसित बनाने मे सहायक होती है।

केंद्र के सहायक प्रभारी एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ त्रिविक्रम तिवारी ने उन्हे विश्वविद्यालय से जुड़ने के लिए प्रेरित किया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के बारे मे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि एक पढ़ी–लिखी महिला अपने बच्चो की शिक्षा पर स्वयं ध्यान दे सकती है। महिलाओ एवं बेटियो की साक्षरता आने वाली पीढ़ियो की उन्नति मे सहायक होती है। इनके साक्षर होने से समाज एवं राष्ट्र भी उन्नत होगा। धन्यवाद ज्ञापन केंद्र की सहायक प्रभारी डॉ साधना श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर श्रुति, डॉ आनंदानंद त्रिपाठी, डॉ साधना श्रीवास्तव, डॉ त्रिविक्रम तिवारी, राजेश गौतम, डॉ अनिल कुमार यादव, डॉ धर्मवीर सिंह, डॉ दीपा चौबे, डॉ दीप माला गुप्ता तथा गोहरी प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिकाएं एवं ग्रामीण अंचल की महिलाएं तथा बच्चे आदि उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
# संयम भारत
18 वर्षों से प्रगति के पथ पर अग्रसर
वर्ष : 18 अंक : 166
नगर संस्करण,
पृष्ठ - 4,
मूल्य 1.00 रु0
उत्तर प्रदेश | गुरूवार, 05 सितम्बर 2024 | प्रयागराज | विचार

## कौशल प्रशिक्षण से परिवार को उन्नत बना सकती हैं ग्रामीण महिलाएं - सीमा सत्यकाम

**संयम भारत संवाददाता**

प्रयागराज,उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केंद्र द्वारा बुधवार को विज्ञान विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गांव गोहरी के मोहनगंज फुलवरिया आंगनबाड़ी केंद्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक दिवस के पूर्व दिवस पर साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीमा सत्यकाम ने कहा कि महिलाएं कौशल से संबंधित शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लाभ प्राप्त करके अपने परिवार को उन्नत बना सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अगर शिक्षित प्रशिक्षित किया जाएगा तो उसका लाभ उनके परिवार तथा आसपास के गांव की महिलाओं को भी मिलेगा। जिससे ग्रामीण महिलाओं का भी विकास होगा और यह सशक्त होंगी। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को बेटियों की शिक्षा आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती सीमा सत्यकाम ने आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्रियों प्रियंका पांडे, सुनीता देवी एवं सहायिकाओं राजकुमारी, शांति



देवी के साथ-साथ ग्रामीण अंचल की महिलाओं से उनकी शिक्षा तथा कौशल एवं अन्य विषयों पर चर्चा की। महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केंद्र की प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर श्रुति ने आंगनबाड़ी के कार्यकर्त्रियों,सहायिकाओं तथा वहां उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को डायरी, पेन आदि वितरित किए। प्रोफेसर श्रुति ने ग्रामीण महिलाओं को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित महिला की भूमिका समाज को सुदृढ़ एवं विकसित बनाने में सहायक होती है। केंद्र के सहायक प्रभारी एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ त्रिविक्रम तिवारी ने उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़ने के लिए प्रेरित किया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि एक पढ़ी-लिखी महिला अपने बच्चों की शिक्षा पर स्वयं ध्यान दे सकती है। महिलाओं एवं बेटियों की साक्षरता आने वाली पीढ़ियों की उन्नति में सहायक होती है। इनके साक्षर होने से समाज एवं राष्ट्र भी उन्नत होगा। धन्यवाद ज्ञापन केंद्र की सहायक प्रभारी डॉ साधना श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर श्रुति, डॉ आनंदानंद त्रिपाठी, डॉ साधना श्रीवास्तव, डॉ त्रिविक्रम तिवारी, राजेश गौतम, डॉ अनिल कुमार यादव, डॉ धर्मवीर सिंह, डॉ दीपा चौबे, डॉ दीप माला गुप्ता तथा गोहरी प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिकाएं एवं ग्रामीण अंचल की महिलाएं तथा बच्चे आदि उपस्थित रहे।

News Letter
# मुक्त चिन्तन
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj
मुक्त चिन्तन
04 सितम्बर, 2024

## मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम




### कौशल प्रशिक्षण से परिवार को उन्नत बना सकती हैं ग्रामीण महिलाएं – सीमा सत्यकाम

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केंद्र द्वारा बुधवार दिनांक 04 सितम्बर, 2024 को विज्ञान विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गांव गोहरी के मोहनगंज फुलवरिया आंगनबाड़ी केंद्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक दिवस के पूर्व दिवस पर साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा सत्यकाम ने कहा कि महिलाएं कौशल से संबंधित शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लाभ प्राप्त करके अपने परिवार को उन्नत बना सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अगर शिक्षित प्रशिक्षित किया जाएगा तो उसका लाभ उनके परिवार तथा आसपास के गांव की महिलाओं को भी मिलेगा। जिससे ग्रामीण महिलाओं का भी विकास होगा और वह सशक्त होंगी। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को बेटियों की शिक्षा आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती सीमा सत्यकाम ने आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्रियों प्रियंका पांडे, सुनीता देवी एवं सहायिकाओं राजकुमारी, शांति देवी के साथ–साथ ग्रामीण अंचल की महिलाओं से उनकी शिक्षा तथा कौशल एवं अन्य विषयों पर चर्चा की।
























महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केंद्र की प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर श्रुति ने आंगनबाड़ी के कार्यकर्त्रियों,सहायिकाओं तथा वहां उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को डायरी, पेन आदि वितरित किए। प्रोफेसर श्रुति ने ग्रामीण महिलाओं को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित महिला की भूमिका समाज को सुदृढ़ एवं विकसित बनाने में सहायक होती है।

केंद्र के सहायक प्रभारी एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ त्रिविक्रम तिवारी ने उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़ने के लिए प्रेरित किया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि एक पढ़ी–लिखी महिला अपने बच्चों की शिक्षा पर स्वयं ध्यान दे सकती है। महिलाओं एवं बेटियों की साक्षरता आने वाली पीढ़ियों की उन्नति में सहायक होती है। इनके साक्षर होने से समाज एवं राष्ट्र भी उन्नत होगा। धन्यवाद ज्ञापन केंद्र की सहायक प्रभारी डॉ साधना श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर श्रुति, डॉ आनंदानंद त्रिपाठी, डॉ साधना श्रीवास्तव, डॉ त्रिविक्रम तिवारी, राजेश गौतम, डॉ अनिल कुमार यादव, डॉ धर्मवीर सिंह, डॉ दीपा चौबे, डॉ दीप माला गुप्ता तथा गोहरी प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिकाएं एवं ग्रामीण अंचल की महिलाएं तथा बच्चे आदि उपस्थित रहे।








(1)

# उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम

संयोजक– महिला अध्ययन केन्द्र

दिनांक 04.09.2024

आँगनबाड़ी केन्द्र: ओहरी, मोहनगंज फुलवरिया

कार्यकत्री का नाम: 1 प्रियंका पाण्डेय 2 सुनीता देवी

सहायिका का नाम: 1 राजकुमारी 2 शान्ति देवी

उपस्थिति प्रत्रक

| क्र.सं. | नाम | पदनाम | हस्ताक्षर | सम्पर्क सूत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नीरा | महिला | | |
| 2. | संगीता | महिला | | |
| 3. | रूपा | " | | |
| 4. | अन्नू देवी विश्वकर्मा | " | | |
| 5. | कविता मौर्या | " | | |
| 6. | शिवमूर्ती | " | | |
| 7. | कमला देवी | " | | |
| 8. | सपना मौर्या | " | | |
| 9. | मधू | " | | |
| 10. | महक | बच्ची | | |
| 11. | पलक | बेटी | | |
| 12. | मानवी | बेटा | | |
| 13. | रेयांश | बेटा | | |
| 14. | श्रेयांश | बेटा | | |
| 15. | राधिका | बेटी | | |
| 16. | प्रवीर | बेटा | | |
| 17. | अवनी | बेटी | | |
| 18. | अनन्या | बेटी | | |
| 19. | मीत | बेटी | | |
| 20. | स्मृति | बेटा | | |

प्रभारी

महिला अध्ययन केन्द्र

Scanned with OKEN Scanner

# उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम

संयोजक– महिला अध्ययन केन्द्र    दिनांक 04.09.2024

आँगनबाड़ी केन्द्रः कोटरी, मोहनगंज फुलवरिया

कार्यकत्री का नामः 1 प्रियंका पाण्डेय    2 सुनीता देवी

सहायिका का नामः 1 राजकुमारी    2 शांति देवी

उपस्थिति प्रत्रक

| क्र.सं. | नाम | पदनाम | हस्ताक्षर | सम्पर्क सूत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जीवन | बेटा | | |
| 2. | अनीता | बेटी | | |
| 3. | अदिति | बेटी | | |
| 4. | प्रांजी | बेटी | | |
| 5. | सुधीर | बेटा | | |
| 6 | अराध्य | बेटा | | |
| 7. | शिवंशी | बेटा | | |
| 8. | साक्षी | बेटी | | |
| 9. | सुषमा | महिला | | |
| 10. | प्रभास कुमारी | महिला | | |
| 11. | शिवानी | महिला | | |
| 12. | कुनाल | बेटा | | |
| 13. | गोलू | बेटा | | |
| 14. | डा० दीपमाला गुप्ता | असिस्टेंट प्रोफेसर | Deepmala | |
| 15. | डा० अनिल कुमार यादव | सहा० आचार्य (ECO) | Anil Kumar Yadav | |
| 16. | डा० साधना श्रीवास्तव | सहा० आचार्य (MC) | Sadhana | |
| 17. | Prof. Shruti | Prof | [signature] | |
| 18. | Rajesh Kr Gautam | Asst. Professor | [signature] | |
| 19. | डा० त्रिविक्रम तिवारी | Asstt. Prof. | [signature] | |
| 20. | डा० आनन्दा नन्द त्रिपाठी | सह आचार्य | [signature] | |

[signature]
प्रभारी
महिला अध्ययन केन्द्र

Scanned with OKEN Scanner

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

साइबर जागरुकता कार्यक्रम

संयोजक– महिला अध्ययन केन्द्र

दिनांक 04.09.2024.

आँगनबाड़ी केन्द्रः गोहरी, मोहनगंज फुलवरिया

कार्यकत्री का नामः 1 प्रियंका पाण्डेय 2 सुनीता देवी

सहायिका का नामः 1 राजकुमारी 2 शांति देवी

उपस्थिति प्रत्रक

| क्र.सं. | नाम | पदनाम | हस्ताक्षर | सम्पर्क सूत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ दीपा चौबे | सहा० आचार्य (Zoology) | [illegible] | |
| 2. | डॉ शशिकांत सिंह | " " | [illegible] | 9415024933 |
| 3. | शांति मिश्रा | | [illegible] | |
| 4. | शान्ति शर्मा | | शान्ति शर्मा | |
| 5. | अनूप कुमार | | [illegible] | |
| 6. | सन्तोष कुमार | | Sant | |
| 7. | वीरेन्द्र कुमार वर्मा | | [illegible] | 9026323476 |
| 8. | | | | |
| 9. | | | | |
| 10. | | | | |
| 11. | | | | |
| 12. | | | | |
| 13. | | | | |
| 14. | | | | |
| 15. | | | | |
| 16. | | | | |
| 17. | | | | |
| 18. | | | | |
| 19. | | | | |
| 20. | | | | |

प्रभारी

महिला अध्ययन केन्द्र

Scanned with OKEN Scanner

# उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय परिसर, शान्तिपुरम (सेक्टर–एफ), फाफामऊ
प्रयागराज – 211021

कुलसचिव

मो. : 7525048031
ई-मेल : registrar.uprtou@gmail.com


पत्रांक : ओ.यू./ 852 /2024

दिनाँक 03–09–2024

सेवा में,

बाल विकास परियोजना अधिकारी
जनपद – प्रयागराज

महोदय,

अवगत कराना है कि इस विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र के तत्वावधान में गोहरी, प्राथमिक विद्यालय, गोहरी प्रयागराज में स्थित आँगनबाडी केन्द्र में दिनाँक 04 सितम्बर, 2024 को **'साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम'** का आयोजन सुनिश्चित हुआ है।

अतः अनुरोध है कि कृपया उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सम्बन्धित आँगनबाडी को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(विनय कुमार)
कुलसचिव

पृ. संख्या : ओ.यू./ /2024 तद् दिनाँक

प्रतिलिपि – प्रो. श्रुति, प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।

(विनय कुमार)
कुलसचिव


जागरूकता कार्यक्रम
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 21101
Lat 25.55486°
Long 81.85733°
04/09/24 11:26 AM GMT +05:30
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 21101
Lat 25.554856°
Long 81.857326°
04/09/24 11:26 AM GMT +05:30
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 21101
Lat 25.554852°
Long 81.857322°
04/09/24 11:37 AM GMT +05:30
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.55486°
Long 81.85733°
04/09/24 11:26 AM GMT +05:30
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.554848°
Long 81.857361°
04/09/24 11:37 AM GMT +05:30
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.55486°
Long 81.857307°
04/09/24 11:14 AM GMT +05:30
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 21101
Lat 25.55489°
Long 81.857293°
04/09/24 11:18 AM GMT +05:30




GPS Ma
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.554842°
Long 81.857333°
04/09/24 11:07 AM GMT +05:30


GPS Ma
गोहारी, उत्तर प्रदेश, भारत
HV35+M58, संतिपुरम गोहरी मार्ग, गोहारी, उत्तर प्रदेश 211013, भारत
Lat 25.554699°
Long 81.857882°
04/09/24 10:56 AM GMT +05:30


GPS Ma
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.554575°
Long 81.857886°
04/09/24 10:59 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.554575°
Long 81.857886°
04/09/24 10:59 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.554588°
Long 81.857898°
04/09/24 10:57 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.554849°
Long 81.85732°
04/09/24 11:04 AM GMT +05:30
Google


GPS Ma
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.554852°
Long 81.857316°
04/09/24 11:06 AM GMT +05:30




GPS Ma
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.554852°
Long 81.857316°
04/09/24 11:06 AM GMT +05:30


GPS Ma
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.554854°
Long 81.857324°
04/09/24 11:05 AM GMT +05:30

# दीक्षान्त समारोह एवं दीक्षोत्सव

# कार्यक्रम—2024

# कार्यक्रम प्रतिवेदन

आयोजक

*महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र*

*उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज*

प्रतिवेदन संपादक
प्रो. श्रुति
प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

# दीक्षान्त समारोह एवं दीक्षोत्सव कार्यक्रम

## 11 सितम्बर 2024

**अध्यक्ष**

आचार्य सत्यकाम

माननीय कुलपति, उ0प्र0राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

**संयोजक**

प्रो. श्रुति

प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

## महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र समिति

डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, सह–प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

डॉ. साधना श्रीवास्तव, सहा0–प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

डॉ. त्रिविक्रम तिवारी, सहा0–प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

डॉ. अतुल कुमार मिश्रा, सदस्य महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

डॉ. अनिल कुमार यादव, सदस्य महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

डॉ. दीपा चौबे, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

श्री राजेश गौतम सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

डॉ. धर्मवीर सिंह, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

डॉ. अब्दुल रहमान, सदस्य महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

डॉ. सफीना सामवी, सदस्य महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

डॉ. दीपमाला गुप्ता, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

डॉ. आर.पी. सिंह, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

## कार्यक्रम सहयोगी सदस्य

श्री अंकित मिश्रा व श्री अमित शर्मा

# दीक्षोत्सव–2024

# कार्यक्रम प्रतिवेदन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के वर्ष 2024 में होने वाले 19वें दीक्षान्त समारोह के पूर्व में दीक्षोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके सफल आयोजन में महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्याशाखाओं द्वारा गोद लिये गॉवों के आंगवाड़ियों एवं उन गॉवों में सरकार द्वारा संचालित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षारत विद्यार्थियों के बीच अलग–अलग प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जिसमें महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। इसी क्रम में दिनांक 15 जुलाई, 2024 को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के मानविकी विद्याशाखा तथा महिला अध्ययन केंद्र एवं विस्तारित गतिविधि केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में भारत रत्न राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन जी के जन्म दिवस के अवसर पर मुक्त विश्वविद्यालय की मानविकी विद्याशाखा द्वारा गोद लिए लिए गए गांव लेहरा प्रयागराज में आंगनबाड़ी संबंधी प्रतियोगिता के आयोजन के संदर्भ में मानविकी विद्याशाखा के निदेशक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी के निर्देशन में विद्याशाखा की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी में उपस्थित महिलाओं, बच्चों, कार्यकत्रियों से मानविकी विद्याशाखा तथा महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केंद्र के उपस्थित शिक्षकों द्वारा चर्चा परिचर्चा की गई। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र की सफाई व्यवस्था, बच्चों की सफाई, बाल, नाखून, कपड़े, बैग, जूते, स्वास्थ्य एवं पोषक आहार के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई। उक्त कार्यक्रम आंगनवाड़ी–1 के संदर्भ में निदेशक मानविकी विद्याशाखा द्वारा समन्वयक के रुप में नियुक्त डॉ0 शैलेंद्र कुमार सिंह सहायक आचार्य, मानविकी विद्याशाखा के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सदस्यों में कार्यकत्री पुष्पा गुप्ता तथा सहायिका मनोज देवी के साथ मानविकी विद्याशाखा के समस्त शिक्षक तथा कर्मचारीगण और महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केंद्र की ओर से डॉ0 साधना श्रीवास्तव, सहायक आचार्य, पत्रकारिता एवं जनसंचार मानविकी विद्याशाखा उपस्थिति रही। कार्यक्रम में श्री राजेश गौतम, डॉ0 अभय कुमार यादव, डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह, डॉ0 अनिल कुमार यादव, डॉ0 अर्ब्दुर रहमान फैजल, डॉ0 अमित कुमार सिंह, डॉ0 संतोष कुमार भारती, श्री संजीव भट्ट, डॉ0 सुमन सिंह, डॉ0 सफीना समावी, डॉ0 नीलम सिंह, डॉ0 मुकेश कुमार मौर्य, श्री अनुपम, डॉ0 सत्येंद्र कुमार, डॉ0 दयानंद उपाध्याय तथा मानविकी विद्याशाखा के शिक्षणेत्तर कर्मी रामलखन कुशवाहा एवं विकास कुमार आदि उपस्थित रहे।













दिनांक 26 एवं 27 जुलाई 2024 को मुक्त विश्वविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा एवं तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन हुआ। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान करने के लिए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों में उत्साह बरकरार रहा। माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने सरस्वती परिसर में रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में 50 से अधिक लोगों ने नामांकन कराया, जिन्होंने रक्त समूह तथा ब्लड प्रेशर की जांच कराई। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रुप से कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, प्रोफेसर पी. के. स्टालिन, प्रोफेसर श्रुति, प्रोफेसर ए. के. मलिक, डॉ शिवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ मुकेश कुमार मौर्य, श्री अनुपम, श्री अनुराग शुक्ला एवं श्री आशुतोष कुमार मिश्रा के साथ महिला अध्ययन विस्तारित गतिविधि केन्द्र के सदस्यों ने भी रक्तदान किया। शिविर में स्थानीय तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय रक्तदान केंद्र की तरफ से श्री हेमंत शुक्ला, डॉ संजू, अजय मिश्रा, संदीप मिश्रा, भूपेंद्र पांडे, लवलेश शुक्ला, वीरेन्द्र तथा श्रीमती उपासना आदि ने सक्रिय सहयोग किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियमित रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके पूर्व भी विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया था। उन्होंने कहा कि रक्तदान बहुत पुण्य का कार्य है। हर स्वस्थ व्यक्ति को जीवन में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान कर हम मानव मात्र के जीवन की रक्षा में अमूल्य योगदान कर सकते हैं।








दिनांक 11 सितम्बर 2024 को विश्वविद्यालय के 19वें दीक्षान्त समारोह में उत्तर प्रदेश की माननीया राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम द्वारा 100 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को किट वितरण कराये जाने का निर्णय लिया गया। जिसमें से 10 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को ऑन स्टेज पर माननीय कुलाधिपति जी द्वारा प्रतीकात्मक रुप से प्रदान किया गया। अन्य आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को विश्वविद्यालय द्वारा किट उपलब्ध कराया गया। किट वितरण में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के साथ महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र के सदस्यों ने भी अलग–अलग समितियों में सम्मिलित होकर अपना सक्रिय योगदान दिया।



राज्यपाल के निर्देश पर दीक्षान्त समारोह के पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण आहार एवं कार्यकत्रियों की उपस्थिति मानदंड आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसी तरह गोद लिए गांव के प्राथमिक/जूनियर विद्यालयों तथा माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भाषण, चित्रकला एवं कहानी कथन प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के विजेताओं को दीक्षान्त समारोह के अवसर पर कुलाधिपति माननीया श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा पुरस्कृत किया गया। दीक्षान्त समारोह के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों को विश्वविद्यालय की तरफ से कुलाधिपति श्रीमती पटेल के द्वारा किट भेंट किये गये। इसके साथ ही राजभवन की तरफ से मुक्त विश्वविद्यालय के समीपवर्ती प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों के लिए राज्यपाल श्रीमती पटेल ने सौ पुस्तकें प्रदान की।



# १९वाँ दीक्षान्त समारोह गोद लिए हुए गाँवों में आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रथम तीन विजेता बच्चों का विवरण

## भाषण प्रतियोगिता

### कक्षा समूह ( 03-05 )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | : | अनामिका विश्वकर्मा | (कक्षा -05) | प्रा0 वि0 बारी |
| द्वितीय | : | परी सिंह | (कक्षा -03) | पी0एम0 श्री प्रा0 वि0 मोहनगंज गोहरी |
| तृतीय | : | अंश | (कक्षा -04) | प्रा0 वि0 बारी |

### कक्षा समूह ( 06-08 )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | : | सृष्टि शुक्ला | (कक्षा -07) | उच्च प्रा0 वि0 चाँटी |
| द्वितीय | : | प्रतीक यादव | (कक्षा -07) | उच्च प्रा0 वि0 चाँटी |
| तृतीय | : | अभिनन्दन चौहान | (कक्षा -08) | उच्च प्रा0 वि0 गोहरी |

### कक्षा समूह ( 09-10 )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | : | श्रेयश कांत दुबे | (कक्षा -9) | रा0 उच्चतर मा0 वि0 गोहरी |
| द्वितीय | : | जान्हवी | (कक्षा -9) | रा0 उच्चतर मा0 वि0 गोहरी |
| तृतीय | : | प्रभात तिवारी | (कक्षा -9) | रा0 उच्चतर मा0 वि0 गोहरी |

## चित्र कला प्रतियोगिता

### कक्षा समूह ( 03-05 )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | : | कोमल | (कक्षा -05) | प्रा0 वि0 बेचू का पुरा, गोहरी |
| द्वितीय | : | शुभम | (कक्षा -05) | पी0एम0 श्री प्रा0 वि0 मोहनगंज गोहरी |
| तृतीय | : | तृषा कुमारी | (कक्षा -04) | कम्पोजिट वि0, कन्या गोहरी |

### कक्षा समूह ( 06-08 )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | : | अंशी | (कक्षा -07) | कम्पोजिट वि0, कन्या गोहरी |
| द्वितीय | : | सुनैना | (कक्षा -07) | कम्पोजिट वि0, कन्या गोहरी |
| तृतीय | : | सृष्टि शुक्ला | (कक्षा -07) | उच्च प्रा0 वि0 चाँटी |

### कक्षा समूह ( 09-10 )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | : | सुनैना | (कक्षा -10) | रा0 उच्चतर मा0 वि0 गोहरी |
| द्वितीय | : | यथार्थ सिंह | (कक्षा -10) | रा0 उच्चतर मा0 वि0 गोहरी |
| तृतीय | : | अभिषेक | (कक्षा -10) | रा0 उच्चतर मा0 वि0 गोहरी |

## कहानी कथन

### कक्षा समूह ( 03-05 )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | : | संजीत | (कक्षा -04) | कम्पोजिट वि0, लेहरा |
| द्वितीय | : | शनि कुमार एवं | (कक्षा -04) | पी0एम0 श्री प्रा0 वि0 मोहनगंज गोहरी |
| | : | राज | (कक्षा -05) | प्रा0 वि0 बारी |
| तृतीय | : | प्राजंल पटेल | (कक्षा -05) | कम्पोजिट वि0, लेहरा |

### कक्षा समूह ( 06-08 )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | : | सृष्टि शुक्ला | (कक्षा -07) | उच्च प्रा0 वि0 चाँटी |
| द्वितीय | : | प्रिन्सी पटेल | (कक्षा -07) | उच्च प्रा0 वि0 चाँटी |
| तृतीय | : | विराट | (कक्षा -07) | कम्पोजिट वि0, कन्या गोहरी |

### कक्षा समूह ( 09-10 )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | : | मुस्कान यादव | (कक्षा -10) | रा0 उच्चतर मा0 वि0 गोहरी |
| द्वितीय | : | संघमित्रा | (कक्षा -10) | रा0 उच्चतर मा0 वि0 गोहरी |
| तृतीय | : | चारूमित्रा | (कक्षा -10) | रा0 उच्चतर मा0 वि0 गोहरी |

प्रेषक,

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
प्रयागराज

सेवा में,

कुलसचिव,
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
फाफामऊ–प्रयागराज

पत्रांक 3115-20 / जि0का0अ0 / प्रोटोकाल / 2024–25 दिनांक 09 सितम्बर, 2024

विषय :– **मा0 राज्यपाल महोदया द्वारा किट वितरण हेतु ऑन स्टेज 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सूची का प्रेषण।**

महोदय,

उर्पयुक्त विषयक अपने पत्र सं0 891 दिनांक 07.09.2024 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। उक्तानुक्रम में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पत्र संख्या 3096–3100 दिनांक 07 सितम्बर, 2024 के द्वारा मा0 राज्यपाल महोदया के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 11.09.2024 हेतु किट वितरण के लिए 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सूची प्रेषित की जा चुकी है।

पुनः आपकी पृच्छा के क्रम में उक्त कार्यक्रम हेतु ऑन स्टेज 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सूची संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्नक– यथोक्त।

भवदीय,
09/09/2024
(दिनेश सिंह)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
प्रयागराज

पृष्ठांकन सं0 / तद्दिनांकित

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. – निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।
2. – जिलाधिकारी, प्रयागराज।
3. – मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
4. – बाल विकास परियोजना अधिकारी / प्रभारी(बहरिया, शहर–1, शहर–2, कौड़िहार एवं सोरांव) जनपद प्रयागराज।
5. – कार्यालय प्रति।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
प्रयागराज

# बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग प्रयागराज (पास हेतु सूची)

| क्रमांक | नाम | पदनाम | मोबाइल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री दिनेश सिंह | जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्रयागराज | 9453774641 |
| 2 | श्रीमती संजीता सिंह | बाल विकास परियोजना अधिकारी –शहर प्रथम | 9454255941 |
| 3 | श्री ओम प्रकाश यादव | बाल विकास परियोजना अधिकारी –शहर द्वितीय | 9452421823 |
| 4 | श्री अवधेश सिंह पंडित | बाल विकास परियोजना अधिकारी –बहरिया | 9125564149 |
| 5 | श्री विवेक सिंह तोमर | बाल विकास परियोजना अधिकारी –सोरांव, अतिरिक्त प्र0 होलागढ | 6394946110 |
| 6 | श्री सुरेन्द्र सिंह यादव | बाल विकास परियोजना अधिकारी –कौड़िहार | 9236561710 |
| 7 | प्रज्ञा यादव | मुख्य सेविका , सोरांव | 9411965094 |
| 8 | अर्पणा मिश्र | मुख्य सेविका , बहरिया | 9839635479 |
| 9 | शोभा कुमारी | मुख्य सेविका , कौड़िहार | 9621342954 |
| 10 | कलावती मौर्या | मुख्य सेविका , होलागढ | 9793404405 |
| 11 | अंशु दीक्षित | मुख्य सेविका , शहर प्रथम | 7905664082 |
| 12 | इन्द्रावती मौर्या | मुख्य सेविका , शहर प्रथम | 9450612814 |
| 13 | श्रीमती प्रियंका पाण्डेय | ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री, मोहरी –8 | 6394946110 |
| 14 | श्रीमती सुनीता देवी | ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री मोहरी–4 | 6394946110 |
| 15 | श्रीमती प्रियम्वदा पटेल | ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री, प्राथमिक विद्यालय घुसूरपुर, चॉटी | 6394946110 |
| 16 | गीता भारतीया | ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री, चकश्यामपूरेछिन्छा–1 | 9125564149 |
| 17 | रीता कुशवाहा | ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री, मानेमऊ | 9125564149 |
| 18 | श्रीमती गुडिया कुमारी | ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री, शिवकुटी | 9452421823 |
| 19 | सुश्री पूर्णिमा दबे | ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री, महिलाग्राम गढ़वा | 9452421823 |
| 20 | रेनू बाला | ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री, निहाल पुर | 9454255941 |
| 21 | अर्चना सिंह | ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री, कैंनलगंज | 9454255941 |
| 22 | शोभा देवी | ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री, दारापुर | 9236561710 |
| 23 | सुधा देवी | ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री, मूसेपुर | 9236561710 |
| 24 | सुमन मिश्रा | ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री, बहमलपुर 2 | 6394946110 |
| 25 | कुल श्रेष्ठ मौर्या | ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री, साधनगंज 2 | 6394946110 |

जिला कार्यक्रम अधिकारी
आई. सी. डी. एस

| क0सं0 | जनपद का नाम | परियोजना का नाम | ग्राम पंचायत | केन्द्र का नाम | आंगनवाडी कार्यकत्री का नाम | आंगनवाडी कार्यकत्री का मो0नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रतापगढ़ | बिहार | खटवार | खटवार | सरला पाल | 9451759595 |
| 2 | | कुण्डा | बरई | बरई | मीना यादव | 6388459343 |
| 3 | | | सरियांवा | सरियांवा | राधा सिंह | 9498255753 |

एवं इस कार्यक्रम को को–आर्डिनेट वाल विकास परियोजना अधिकारी विहार प्रतापगढ़ श्री कौशल कुमार (मो0नं0–6393229115) के द्वारा किया जाएगा ।

भवदीया

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
प्रतापगढ़।

पृष्ठांकन सं0: / तद्दिनांक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–जिलाधिकारी महोदय, प्रतापगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित।

2–मुख्य विकास अधिकारी महोदया, प्रतापगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित।

3–जिला कार्यक्रम अधिकारी, (नोडल) प्रयागराज।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
प्रतापगढ़।

## कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्रयागराज

### उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में प्री स्कूल किट प्राप्त करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की सूची (ऑन स्टेज)

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | आंगनवाड़ी केन्द्र का नाम | मुख्य सेविका के परिक्षेत्र का नाम | आंगनवाड़ी कार्यकत्री का नाम | केन्द्र संचालन स्थल | केन्द्र का कोड | मोबाइल नं0 | जन्म तिथि | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | बहरिया | चकश्यामपूरेहिन्छा | चकश्यामपूरेहिन्छा–1 | नूरजहा / बाकराबाद | गीता भारतीया | विभागीय भवन चकश्यामपूरे हिन्छा | 09175010111 | 7755010590 | 01.11.84 | हाईस्कूल |
| 2 | बहरिया | भानेमउ | भानेमऊ | सुमन सिंह / नरी | रीता कुशवाहा | विभागीय भवन भानेमऊ | 09175010606 | 9956436971 | 20.07.75 | बी0ए0 |
| 3 | शहर–2 | 34 शिवकुटी | शिवकुटी | इन्द्रावती मौर्या / गोबिन्दपुर | श्रीमती गुडिया कुमारी | 110 / 6शिवकुटी | 09175040224 | 9532881917 | 04.07.84 | एम0ए0 |
| 4 | शहर–2 | 15 जयंतीपुर | महिलाग्राम गढ़वा | सरोज कुमारी / राजरूपपुर | सुश्री पूर्णिमा दवे | 86 महिलाग्राम गढ़वा | 09175040617 | 9169391971 | 15.06.76 | एम0ए0 |
| 5 | शहर–1 | पूरा मनोहर दास | निहाल पुर | खुल्दाबाद | रेनू बाला | 99ए240 निहालपुर | 09175050819 | 9793275833 | 15.07.75 | एम0 ए0 |
| 6 | शहर–1 | कर्नलगंज | कर्नलगंज | कटरा | अर्चना सिंह | प्राथमिक विद्यालय बाबा जी का बाग | 09175050613 | 7456870659 | 04.01.79 | एम0 ए0 |
| 7 | कौड़िहार | दासापुर | दासापुर | कौडिहार | शोभा देवी | प्राथमिक विद्यालय, दासापुर | 9175120309 | 8303910312 | 01.10.72 | इण्टर |
| 8 | कौड़िहार | मूसेपुर | मूसेपुर | हथिगहां | सुधा देवी | प्रा0वि0 मूसेपुर | 9175120225 | 6388853037 | 06.10.75 | इण्टर |
| 9 | सोरांव | बहमलपुर | बहमलपुर 2 | थरवई | सुमन मिश्रा | विभागीय भवन बहमलपुर | 9175210702 | 9838281045 | 07.08.77 | एम0ए0 |
| 10 | सोरांव | माधवपुर सघनगंज | सघनगंज 2 | माधवपुर सघनगंज | कुल श्रेष्ठ मौर्या | विभागीय भवन माधवपुर सघनगंज | 9175210322 | 9794501693 | 02.10.78 | बी0ए0 |

DPO
02/09/2024
जिला कार्यक्रम अधिकारी
आई. सी. डी. एस.
प्रयागराज

प्रेषक,

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
प्रतापगढ़।

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
फाफामऊ, प्रयागराज।

पत्रांक/C-652/जि0का0अधि0/प्रोटोकॉल/2023-24 दिनांकः 10 सितम्बर, 2023

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश (श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी) के जनपद प्रयागराज भ्रमण कार्यक्रम के तहत जनपद प्रतापगढ़ से 10 आंगनवाडी कार्यकत्रियाँ सम्मलित होंगी जिनकी सूची निम्नवत् है-

| क0सं0 | जनपद का नाम | परियोजना का नाम | ग्राम पंचायत | केन्द्र का नाम | आंगनवाडी कार्यकत्री का नाम | आंगनवाडी कार्यकत्री का मो0नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रतापगढ़ | मानधाता | टीकरी | टीकरी-1 | नीलम यादव | 7660636135 |
| 2 | | | बोझी | बोझी | सरोज | 9450042916 |
| 3 | | शिवगढ़ | खेमईपुर | बालीपुर-1 | किरन | 9956243675 |
| 4 | | | बांसी | बांसी-2 | अंजू सिंह | 7380552209 |
| 5 | | बिहार | खटवार | खटवार | सरला पाल | 9451759595 |
| 6 | | | शकरदहा | शकरदहा | अनीता गुप्ता | 6386608009 |
| 7 | | | देवरपट्टी | देवरपट्टी | ज्ञानती देवी | 9794462449 |
| 8 | | | काशीपुर डुबकी | काशीपुर डुबकी | नीलम परी | 8840782380 |
| 9 | | कुण्डा | बरई | बरई | मीना यादव | 6388459343 |
| 10 | | | सरियांवा | सरियांवा | राधा सिंह | 9498255753 |

उक्त में से 03 आंगनवाडी कार्यकत्री मंच पर जाएंगी 03 आंगनवाडी कार्यकत्रियाँ जिनको मंच पर उपस्थित होना है की सूची निम्नवत् है-

# स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम

**दिनांकः 28 सितम्बर, 2024**

# कार्यक्रम प्रतिवेदन

आयोजक

*महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र*

*उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज*

**स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम**
**28 सितम्बर, 2024**

**अध्यक्ष**
आचार्य सत्यकाम
माननीय, कुलपति, उ0प्र0राजर्षि टण्डना मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

**मुख्य अतिथि**
श्रीमती सीमा सत्यकाम

**वक्ता**
डॉ. दीपा चौबे, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र (समूह–1)
डॉ. धर्मवीर सिंह, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र (समूह–2)
डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र (समूह–3)

**कार्यक्रम निदेशक**
प्रो0 आशुतोष गुप्ता, निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा

**संयोजक**
प्रो. श्रुति, प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

**सह–संयोजक**
डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, सह–प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

**आयोजन सचिव**
डॉ. त्रिविक्रम तिवारी, सहायक–प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

**सह आयोजन सचिव**
डॉ. साधना श्रीवास्तव, सहायक–प्रभारी, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

**आयोजन समिति**
डॉ. स्मिता अग्रवाल, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र
डॉ. अतुल कुमार मिश्रा, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र
श्री राजेश गौतम सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र
डॉ अनिल कुमार यादव, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र
डॉ. दीपमाला गुप्ता, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र
डॉ. अब्दुल रहमान, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र
डॉ. सफीना सामवी, सदस्य, महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र

**कार्यक्रम सहयोगी सदस्य**
श्री अंकित मिश्रा, श्री वीरेन्द्र वर्मा, श्री अनूप कुमार, श्री अमित शर्मा, श्री मनीष यादव व श्री संतोष कुमार

# अनुक्रमणिका


1. प्रतिवेदन
2. मुख्य वक्ता के वक्तव्य

परिशिष्टियाँ (1 से 5)

1. समाचार पत्रों की सुर्खियाँ (परिशिष्ट–1)
2. मुक्त चिंतन (परिशिष्ट–2)
3. उपस्थिति पत्रक (परिशिष्ट–3)
4. प्रेषित पत्र (परिशिष्ट–4)
5. कार्यक्रम की झलकियाँ (परिशिष्ट–5)

# *स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम प्रतिवेदन*

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र के तत्वावधान में विज्ञान विद्याशाखा द्वारा गोद लिये गाँव गोहरी के 09 भिन्न–भिन्न ऑगनबाड़ियों में दिनांक 28 सितम्बर, 2024 को **''स्वच्छता ही सेवा''** अभियान के अन्तर्गत 'स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। प्रो0 श्रुति ने बताया कि, भारत में स्वच्छता मिशन को 'स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तथा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। WHO के अनुसार स्वच्छता उन स्थितियों और प्रथाओं को संदर्भित करती है जो स्वास्थ्य को बनाये रखने और बिमारियों के प्रसार को रोकने में मदद करती है।' स्वच्छता केवल व्यक्तिगत सफाई तक ही सीमित नहीं है वरन् इसमें पर्यावरणीय स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, घरेलू स्वच्छता, सामाजिक स्वच्छता आदि भी समाहित हैं। वर्ष 2012 में रियो दी जनेरो, ब्राजील में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में सतत् विकास लक्ष्य (Sustanable Development Goals) प्रथम बार सभी देशों के सतत् विकास के लिए प्रस्तावित हुए थे। जिसके 6वें लक्ष्य में ''Clean Water & Sanitation'' भी है, जिसे 2030 तक पाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसका उद्देश्य सभी के लिए स्वच्छ पानी और स्वच्छता की उपलब्धता और उसका टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्चित करना है। भारत में 01 जनवरी 2015 को नीति आयोग की स्थापना की गयी तथा इस सतत् विकास के लक्ष्य प्राप्ति का वर्ष 2030 निर्धारित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, सह–प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र ने सभी का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया कि माननीय प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत करते हुये कहा था कि ''एक स्वच्छ भारत के द्वारा ही देश महात्मा गॉधी की 150वीं जयंती पर अपनी सर्वोत्तम श्रद्धांजली दे सकते हैं।'' 02 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन देश भर में व्यापक तरीके से राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरु किया गया। इसी क्रम में इस वर्ष भी 17 सितम्बर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 ''स्वच्छता



ही सेवा'' अभियान **''स्वाभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता''** की थीम के साथ मनाया जा रहा है।

स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में श्रीमती सीमा सत्यकाम, मुख्य अतिथि रहीं। प्रो. श्रुति ने मुख्य अतिथि को कार्यक्रम के क्रियान्वयन से अवगत कराते हुए बताया कि यह कार्यक्रम गोहरी गाँव की सभी 09 अलग–अलग आँगनवाड़ियों में एक साथ संचालित होगा जिसके लिए केन्द्र के सदस्यों को तीन अलग–अलग समूहो में बॉटा गया है। प्रथम समूह में, प्रो. श्रुति, डॉ. दीपा चौबे, श्री राजेश गौतम, डॉ. अनिल कुमार यादव, श्री अंकित मिश्रा, श्री अमित शर्मा, द्वितीय समूह में डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, डॉ. साधना श्रीवास्तव, डॉ. धर्मवीर सिंह, डॉ. अब्दुल रहमान, श्री वीरेन्द्र वर्मा, श्री मनीष यादव तथा तृतीय समूह में डॉ. त्रिविक्रम तिवारी, डॉ. अतुल कुमार मिश्रा, डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. दीपमाला गुप्ता, डॉ. सफीना सामवी, श्री अनूप कुमार तथा श्री संतोष हैं। प्रथम समूह ऑगनवाड़ी केन्द्र संख्या 02,04 एवं 08, द्वितीय समूह 03, 05 एवं 06 तथा तृतीय समूह केन्द्र संख्या 01,07 एवं 09 (मिनी) में कार्यक्रम को संचालित करेगें।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्वंय प्रथम समूह के साथ ऑगनवाड़ी केन्द्रों पर जाकर महिलाओं से परिचय प्राप्त किया तथा उनकी शैक्षिक योग्यता के बारे में बातचीत की तथा उन्हे आगे पढ़ने तथा शिक्षा से होने वाले लाभो के बारे में अवगत कराया। डॉ. दीपा चौबे ने बच्चों एवं महिलाओं को साफ–सफाई आदि के बारे में जागरुक करते हुए बिमारियों से कैसे बचा जाय एवं किस प्रकार से हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान साफ–सफाई के माध्यम से कर सकते हैं आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की।



कार्यक्रम संयोजक प्रो0 श्रुति प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र ने ऑगनबाड़ी की कार्यकत्रियों, सहायिकाओं तथा वहाँ उपस्थिति महिलाओं एवं बच्चों को स्वच्छता सामग्री (तौलिया, साबुन, नेल कटर, हैण्डवाश आदि) वितरित किया तथा उनके सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की।


GPS Map Camera
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.554935°
Long 81.85731°
28/09/24 12:06 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gohari, Uttar Pradesh, India
Unnamed Road, Santika Pura, Gohari, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.55438°
Long 81.862139°
28/09/24 11:29 AM GMT +05:30
Google



GPS Map Camera
Gohari, Uttar Pradesh, India
HV35+M58, Santipuram Gohri Rd, Gohari, Uttar Pradesh 211013, India
Lat 25.554935°
Long 81.857309°
28/09/24 12:08 PM GMT +05:30
Google

द्वितीय समूह के सदस्यों ऑगनवाड़ी केन्द्रों पर जाकर महिलाओं से परिचय प्राप्त करते हुए उनकी शैक्षिक योग्यता के बारे में बातचीत की तथा उन्हे आगे पढ़ने तथा शिक्षा से होने वाले लाभो के बारे में अवगत कराया। डॉ. धर्मवीर सिंह ने बच्चों एवं महिलाओं को साफ–सफाई आदि के बारे में जागरुक करते हुए बताया कि बिमारियों से कैसे बचा जाय एवं किस प्रकार से हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान साफ–सफाई के माध्यम से कर सकते हैं आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। द्वितीय समूह के नेतृत्व कर्ता सह प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र डॉ. आनन्दानंद त्रिपाठी ने ऑगनबाड़ी की कार्यकत्रियों, सहायिकाओं तथा वहाँ उपस्थिति महिलाओं एवं बच्चों को स्वच्छता सामग्री (तौलिया, साबुन, नेल कटर, हैण्डवाश आदि) वितरित किया तथा उनके सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की।









तृतीय समूह के सदस्यों ने भी ऑगनवाड़ी केन्द्रों पर जाकर महिलाओं से परिचय प्राप्त करते हुए उनकी शैक्षिक योग्यता के बारे में बातचीत की तथा उन्हे आगे पढ़ने तथा शिक्षा से होने वाले लाभो के बारे में अवगत कराया। डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह ने बच्चों एवं महिलाओं को साफ–सफाई आदि के बारे में जागरुक करते हुए बताया कि बिमारियों से कैसे बचा जाय एवं किस प्रकार से हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान साफ–सफाई के माध्यम से कर सकते हैं आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। तृतीय समूह के नेतृत्व कर्ता सहायक प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र डॉ. त्रिविक्रम तिवारी ने ऑगनबाड़ी की कार्यकत्रियों, सहायिकाओं तथा वहाँ उपस्थिति महिलाओं एवं बच्चों को स्वच्छता सामग्री (तौलिया, साबुन, नेल कटर, हैण्डवाश आदि) वितरित किया तथा उनके सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की।









कार्यक्रम के अंत में डॉ. साधना श्रीवास्तव ने समस्त उपस्थिति लोगों का धन्यवाद किया। तथा इस धन्यवाद् ज्ञापन के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, श्रीमती सीमा सत्यकाम, कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर श्रुति, प्रभारी महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र, सह प्रभारी डॉ. आन्नदानंद त्रिपाठी, सहायक प्रभारी डॉ. साधना श्रीवास्तव एवं डॉ. त्रिविक्रम तिवारी तथा सदस्य श्री राजेश गौतम, डॉ अनिल कुमार यादव, डॉ. धर्मवीर सिंह, डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. दीपा चौबे, डॉ. दीपमाला गुप्ता, डॉ. अब्दुल रहमान, डॉ. सफीना सामवी तथा कार्यक्रम सहयोगी श्री अंकित मिश्रा, श्री वीरेन्द्र वर्मा, श्री अनूप कुमार, श्री अमित शर्मा, श्री मनीष यादव व श्री संतोष कुमार के साथ साथ समस्त आँगनवाड़ियों की कार्यकत्रियों, श्रीमती विमलेश मिश्रा, मीरा पाल, कंचन गुप्ता, सविता देवी, सुनीता पाण्डेय, विद्यादेवी, मीरा पाण्डेय, प्रियंका पाण्डेय तथा सविता मौर्या एवं सहायिकाओं राजकुमारी, शान्ति देवी, मंजू पाल, सन्नो देवी, मालती देवी, सविता दुबे तथा ग्रामीण अंचल की महिलायें एवं बच्चें उपस्थित रहे। उपरोक्त कार्यक्रम में सभी ने पूर्ण मनोयोग से स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभायी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में कुलसचिव श्री विनय कुमार, वित्त अधिकारी श्रीमती पूनम मिश्रा एवं विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गॉव गोहरी के निदेशक प्रो0 आशुतोष गुप्ता का अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के बीच स्वच्छता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से ऑगनबाड़ी में आयोजित किया गया।

# <u>स्वच्छता अभियान : एक संक्षिप्त परिचय</u>

डॉ. धर्मवीर सिंह
असि.प्रो. जैव रसायन
उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

स्वच्छता और साफ–सफाई हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा हैं, जो न केवल हमें स्वस्थ रहने में मदद करती हैं बल्कि हमारे समाज और पर्यावरण के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। स्वच्छता का अर्थ केवल शरीर या आसपास की वस्तुओं को साफ रखना ही नहीं है, बल्कि यह व्यापक रूप में जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ी होती है, चाहे वह व्यक्तिगत हो, सामाजिक हो या पर्यावरणीय। एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए स्वच्छता और साफ–सफाई को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

1. **व्यक्तिगत स्वच्छताः** व्यक्तिगत स्वच्छता का तात्पर्य है, शरीर, कपड़ों और व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुओं की साफ–सफाई का ध्यान रखना। शारीरिक स्वच्छता हमें अनेक संक्रामक रोगों और बीमारियों से बचाती है। नियमित स्नान करना, साफ कपड़े पहनना, नाखूनों की सफाई, दांतों की देखभाल, और बालों को साफ रखना, ये सभी व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रमुख अंग हैं। यह केवल बाहरी रूप से स्वस्थ रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी मानसिक स्थिति और आत्मविश्वास को भी प्रभावित करती है। जब हम स्वच्छ और साफ–सुथरे होते हैं, तो हम खुद को अच्छा महसूस करते हैं और सामाजिक रूप से बेहतर तरीके से संवाद कर पाते हैं।

   विशेष रूप से हाथों की सफाई का बहुत महत्व है। अधिकांश बीमारियाँ जैसे डायरिया, फ्लू, और अन्य संक्रामक रोग गंदे हाथों के कारण फैलते हैं। खाने से पहले और शौचालय के बाद हाथ धोने की आदत हमें इन बीमारियों से बचा सकती है। कोरोना महामारी के दौरान हाथ धोने और सैनिटाइजेशन के महत्व को विश्वभर में समझा गया। इसने स्पष्ट किया कि छोटी–छोटी स्वच्छता की आदतें किस प्रकार हमारे जीवन को सुरक्षित बना सकती हैं।

2. **घर और आसपास की स्वच्छताः** व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ–साथ घर और आसपास की सफाई भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। घर वह स्थान है जहाँ हम अधिकांश समय बिताते हैं, और अगर हमारा घर स्वच्छ नहीं है, तो यह अनेक बीमारियों और संक्रमणों का स्रोत बन सकता है। घर की नियमित सफाई, खासकर रसोई, बाथरूम और शौचालय की साफ–सफाई, आवश्यक है। रसोईघर में रखी वस्तुओं की सफाई और भोजन को ढककर रखना चाहिए ताकि मक्खियाँ और अन्य कीटाणु भोजन को संक्रमित न कर सकें। शौचालय की स्वच्छता न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए बल्कि सार्वजनिक

स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। खुले में शौच करने से अनेक बीमारियाँ फैलती हैं, और यह समाज और पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक है।

घर के आसपास की सफाई भी उतनी ही आवश्यक है। सड़कों पर कूड़ा–कचरा न फेंकना और सार्वजनिक स्थानों की सफाई में योगदान देना एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। गंदगी और कूड़ा–कचरा मच्छरों, मक्खियों और अन्य हानिकारक जीवों को आकर्षित करते हैं, जो अनेक संक्रामक बीमारियों को फैलाने का कारण बनते हैं। मलेरिया, डेंगू, और चिकनगुनिया जैसी बीमारियाँ गंदे पानी में पनपने वाले मच्छरों के कारण फैलती हैं। इसलिए, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखें और कचरे का सही तरीके से निपटान करें।

3. **पर्यावरणीय स्वच्छताः** पर्यावरणीय स्वच्छता से तात्पर्य है जल, वायु, और भूमि की स्वच्छता का ध्यान रखना। प्राकृतिक संसाधनों का स्वच्छ और सुरक्षित रहना हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। जलस्रोतों का प्रदूषण, जैसे नदियों, तालाबों और झीलों में कचरा डालना या अव्यवस्थित रूप से औद्योगिक अपशिष्ट का निपटान, गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं का कारण बनते हैं। प्रदूषित जल से अनेक बीमारियाँ फैलती हैं जैसे कि पेचिश, हैजा, और टाइफाइड। इसलिए हमें जलस्रोतों को स्वच्छ रखने और उनमें किसी भी प्रकार का कचरा या गंदगी न डालने की आदत बनानी चाहिए।

वायु प्रदूषण भी पर्यावरणीय अस्वच्छता का एक प्रमुख रूप है, जो हमारे स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालता है। वायु प्रदूषण का मुख्य कारण औद्योगिक धुएँ, वाहनों से निकलने वाला धुआँ, और जलने वाले कचरे से उत्पन्न होने वाले हानिकारक गैसें हैं। इससे सांस लेने में कठिनाई, अस्थमा, और अन्य श्वसन संबंधी रोग उत्पन्न होते हैं। इसलिए, हमें स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करना चाहिए, जैसे कि सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, और वाहनों के अत्यधिक उपयोग से बचना चाहिए।

4. **स्वच्छता का सामाजिक और आर्थिक महत्वः** स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत आवश्यक है। एक स्वच्छ समाज का अर्थ है एक स्वस्थ समाज। जब समाज के लोग स्वस्थ होंगे, तो वे अधिक उत्पादक होंगे और समाज की समृद्धि में योगदान देंगे। इसके विपरीत, गंदगी और अस्वच्छता से बीमारियों का फैलाव होता है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ता है और समाज की उत्पादकता कम होती है। स्वच्छता के अभाव में बड़े पैमाने पर बीमारियाँ फैल सकती हैं, जिससे आर्थिक नुकसान होता है और गरीब लोग विशेष रूप से प्रभावित होते हैं।

भारत में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए 'स्वच्छ भारत अभियान' जैसे प्रयास किए गए हैं। यह अभियान 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य है देशभर में स्वच्छता की आदतों को बढ़ावा देना और खुले में शौच से मुक्ति दिलाना। इस अभियान

ने देशभर में स्वच्छता के महत्व को उजागर किया और लोगों को सफाई के प्रति जागरूक बनाया। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों के निर्माण में वृद्धि हुई है, जिससे स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है।

5. **स्वच्छता और स्वास्थ्य का संबंध:** स्वच्छता और स्वास्थ्य का आपस में गहरा संबंध है। गंदगी और अस्वच्छता से उत्पन्न होने वाले हानिकारक जीवाणु और वायरस स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करते हैं। मलेरिया, डेंगू, टायफाइड, दस्त, और हैजा जैसी बीमारियाँ अस्वच्छता से ही उत्पन्न होती हैं। अगर हम स्वच्छता का ध्यान रखें, तो इन बीमारियों से बचा जा सकता है। इसलिए, स्वच्छता को प्राथमिकता देकर हम अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य को सुरक्षित रख सकते हैं।
6. **मानसिक स्वास्थ्य और स्वच्छता:** शारीरिक स्वच्छता के साथ–साथ मानसिक स्वच्छता भी आवश्यक है। साफ–सुथरा वातावरण मानसिक शांति और ताजगी प्रदान करता है। एक गंदे और अव्यवस्थित वातावरण में जीवन यापन करने से मानसिक तनाव और बेचौनी बढ़ सकती है। इसके विपरीत, स्वच्छ और सजीव वातावरण सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है, जिससे हमारा मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है।

**निष्कर्ष:** स्वच्छता और साफ–सफाई हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में सहायक होती हैं, बल्कि मानसिक शांति और सामाजिक समृद्धि में भी योगदान देती हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम व्यक्तिगत, घरेलू और पर्यावरणीय स्वच्छता के महत्व को समझें और उसे अपने दैनिक जीवन में उतारें। स्वच्छता के प्रति हमारी जागरूकता न केवल हमें बीमारियों से बचाएगी, बल्कि हमारे समाज और पर्यावरण को भी स्वस्थ और सुरक्षित बनाएगी।

स्वच्छता का पालन करके हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं और एक स्वस्थ, समृद्ध और स्वच्छ समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। स्वच्छता की आदतें न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, ताकि वे एक स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण में जीवन जी सकें।

# <u>स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान</u>

डॉ. दीपा चौबे
सहायक आचार्य, जीव विज्ञान
उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति आचार्य सत्यकाम जी के मार्गदर्शन में **स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान** के अन्तर्गत **महिला अध्ययन एवं विस्तारित गतिविधि केन्द्र** के द्वारा आज दिनांक 28 सितम्बर 2024 को गोहरी गॉव के अन्तर्गत आने वाली आँगनवाड़ी केन्द्र (02, 04 एवं 08) में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम हेतु एकत्रित हुए हैं।

स्वच्छता दिवस  का आयोजन हर साल 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर किया जाता है। यह दिन स्वच्छता और स्वच्छ भारत अभियान को समर्पित होता हैए जिसे प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी के जन्मदिन पर शुरू किया था। स्वच्छता दिवस का उद्देश्य देशभर में स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देना और जनसहभागिता से स्वच्छता अभियान को सफल बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी जी का कहना है कि स्वच्छता केवल एक सरकारी काम नहीं हैए बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उनके इस आह्वान के बाद देशभर में स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ी है। इस अभियान के तहत हमें यह सुनिश्चित  करना होगा कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्वच्छता का प्रसार किया जाय। इसके अंतर्गत सड़कोंए गलियोंए सार्वजनिक स्थलों और शौचालयों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

साफ सुथरे वातावरण में रहने से मानसिक शान्ति और सकारात्मकता का माहौल बनता है। व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन करके आप और हम अपने परिवार और समाज के लिए अच्छा उदाहरण बन सकते हैं। यहाँ व्यक्तिगत स्वच्छता का अर्थ हाथ, बाल, नाखून, कान की स्वच्छता साथ ही साथ अपने कपड़ों की स्वच्छता होनी चाहिए।

अभी कोरोना काल में रोगियों की बढ़ती संख्या एवं अस्पतालों में साफ–सफाई की ध्यान देने की आवश्यकता से स्पष्ट है कि जीवन में स्वच्छता कितनी जरुरी है। स्वच्छता का संदेश हम सफाई अभियान, रैली, जागरुकता कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूल, कॉलेज, सरकारी कार्यालय और स्थानीय लोग में सक्रिय भागीदारिता के माध्यम से करते हैं।

इस अवसर पर हमें सफाई अभियान में शामिल हो करके तथा अपने आस–पास की गंदगी को साफ करने के लिए लोगों को प्रेरिता करना होगा। इस हेतु बच्चों के लिए पेंटिंग, निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन करके स्वच्छता के प्रति जागरूक करने  की आवश्यकता है। इसके अलावा, डिजिटल माध्यमों के जरिए भी स्वच्छता का संदेश फैलाया जा  रहा  है।  स्वच्छता दिवस पर विभिन्न

संस्थाओं द्वारा वृक्षारोपण, जल संरक्षण और कचरा प्रबंधन जैसे अन्य पर्यावरणीय मुद्दों पर भी ध्यान देकर हम स्वच्छता का संदेश दे सकते हैं।

स्वच्छता दिवस का **मुख्य संदेश** यह है कि स्वच्छता केवल सरकार या सफाई कर्मचारियों का काम नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि हम अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, तो यह न केवल हमारे स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाएगा, बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित करेगा।

## स्वच्छता अभियान के तहत उठाये गये कदम–

**1. शौचालय निर्माण:** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में करोड़ों शौचालय बनाए गए हैं, जिससे खुले में शौच की समस्या को कम किया गया।

**2. कचरा प्रबंधन:** कचरा प्रबंधन के लिए सरकार ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (ठोस कचरा प्रबंधन) और गीला-सूखा कचरे को अलग करने पर जोर दिया है। कचरे के निपटान के लिए रिसाइक्लिंग और पुनर्चक्रण की योजनाएं भी चलाई जा रही हैं।

**3. स्वच्छता एप:** सरकार ने स्वच्छता एप्स को लॉन्च किया है, जहां नागरिक कचरे और गंदगी की समस्या की शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इससे सरकार तुरंत कार्यवाही कर सकती है और स्वच्छता सुनिश्चित की जाती है।

**4. साफ-सफाई के लिए सामुदायिक भागीदारी:** स्वच्छता अभियान में आम नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया है। इस भागीदारी ने स्वच्छता को एक आंदोलन का रूप दिया, जिससे समाज में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

**5. स्कूलों और कॉलेजों में स्वच्छता शिक्षा:** स्वच्छता को स्कूल और कॉलेज के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है ताकि बच्चों को छोटी उम्र से ही स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके।

**6. स्वच्छता सर्वेक्षण:** हर साल स्वच्छता सर्वेक्षण कराया जाता है, जिसमें देश के सभी शहरों और कस्बों की स्वच्छता स्थिति का मूल्यांकन किया जाता है। इस सर्वेक्षण से स्वच्छता के प्रति एक सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित हुई है।

**7. वृक्षारोपण अभियान:** पर्यावरण की सुरक्षा के लिए स्वच्छता के साथ-साथ वृक्षारोपण पर भी ध्यान दिया जा रहा है। हर साल लाखों पेड़ लगाए जा रहे हैं ताकि पर्यावरण स्वच्छ और हरा-भरा बना रहे।

**8. जल संरक्षण अभियान:** स्वच्छता के साथ जल संरक्षण पर भी ध्यान दिया गया है। जल संरक्षण और पुनः उपयोग (रिसाइक्लिंग) की प्रक्रिया के माध्यम से पानी की बर्बादी को रोकने के लिए कदम उठाए गए हैं।

अतः हम इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि स्वच्छता दिवस पार होने वाले सफाई अभियान में जब हम सभी शामिल हो तो यह समझें कि स्वच्छता सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए आवश्यक है। यह मानसिकता लोगों को अपने घरों और आस–पास के इलाकों को साफ–सुथरा रखने की प्रेरणा देगी। इस प्रकार व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी का भाव विकसित होगा।

स्वच्छता दबाव में करने वाला कार्य नहीं है यह एक अच्छी आदत है। हमारे एक अच्छे स्वस्थ्य जीवन के लिए। स्वच्छता बहुत जरुरी है चाहे वह व्यक्तिगत हो, अपने आस–पास की, पर्यावरण की, पालतू जानवरों की या काम करने की जगह (स्कूल, कॉलेज, कार्यालय आदि) हो। हम सभी को जागरुक होना चाहिए कि कैसे हम अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को बनाए रखें।

युवाओं के माध्यम से स्वच्छता की भावना समाज के हर तबके में फैल रही है। वे अपने प्रयासों से न केवल खुद को बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इससे न केवल शारीरिक स्वच्छता का महत्व बढ़ा है, बल्कि मानसिक स्वच्छता और अनुशासन का भी विकास हुआ है। स्वच्छता दिवस केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक लंबी अवधि का आंदोलन है, जो हमें अपने आस.पास के वातावरण को साफ और स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित करता है। स्वच्छता का यह संदेश हमें अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा ताकि हम एक स्वस्थ और स्वच्छ भारत का निर्माण कर सकें।

स्वच्छता दिवस का आयोजन हमें इस बात की याद दिलाता है कि एक स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हर नागरिक स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझेगा। आज जब हम इस दिशा में कदम उठा रहे हैं तो यह जरुरी है कि हम इसे अपने जीवन की आदतों में शामिल करें और आने वाली पीढ़ियों को इस दिशा में प्रेरित करें।

***********

# स्वच्छता ही सेवा - 2024 (स्वच्छता संस्कार, स्वच्छता व्यवहार)

डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह
सहायक आचार्य, जैव रसायन
उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

स्वच्छता का अर्थ है अपने आसपास की जगह को गंदगी से मुख्त रखना और खुद को साफ सुथरा रखना। लेकिन सिर्फ अपने घर की और खुद की सफाई, स्वच्छता नहीं होता है। बल्कि स्वच्छता का मतलब हमारे घर से आस-पड़ोस में भी मौजूद गंदगी जैसे धूल, मिट्टी, खुला कचड़ा, जमा हुआ गंदा पानी, गढ्ढे, आदि इन सब से भी मुक्त होना जरूरी है। अगर हमारे चारों तरफ सफाई बनी रहेगी तो हमारा स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। वैसे तो कहा जाता है कि अगर आपका मन साफ है तो आप तब भी स्वच्छ माने जाते हैं। इंसानों के लिए मन की सफाई आस-पास की सफाई जितना ही महत्वपूर्ण हो गया है। स्वच्छता को बरकरार रखने के लिए हमारे देश के प्रधानमंत्री भी स्वच्छता अभियान का पालन करने का आग्रह करते हैं। ऐसी ही कुछ स्वच्छता की आदतों का पालन बड़ों के साथ-साथ बच्चों को भी करना चाहिए ताकि वह कई तरह की बीमारियों से बच सकें।

स्वच्छता हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। बचपन से ही हमें यह सिखाया जाता है कि हमें हमेशा साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए। स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हम सब में होनी चाहिए। हमे अपने घर, स्कूल, आसपास की  साफ-सफाई का ख्याल खुद रखना चाहिए। इस प्रकार यह कार्य किसी एक का न होकर हम सब की जिम्मेदारी का हिस्सा बन जएगा और सबके सहयोग से देश स्वच्छ रहेगा। अगर हमारे घर में पालतू जानवर हो या हम जानवरों के शौकीन हो तो हमें उनकी सफाई का भी ध्यान रखना चाहिए उन्हें समय समय पर नहलाना चाहिए। इसी प्रकार हमें खुद भी रोजाना नहा कर साफ कपड़े पहनना चाहिए। जब भी हम कहीं बाहर से आते हैं तो हमे सबसे पहले अपने हाथों को धोना चाहिए, क्योंकि जब हम बाहर होते हैं तो कई ऐसी चीजों के संपर्क में आते हैं जो संक्रमित होती हैं और हम उनसे गंभीर रूप से बीमार हो सकते हैं। हम हाथों का प्रयोग अधिक करते हैं इसलिए सबसे पहले अपने हाथों का धोना चाहिए और संभव हो तो उसके बाद स्नान भी कर लें, ताकि हम खुद को और अपने परिवार व अपने आस-पास मौजूद अन्य लोगों को बीमारियों से दूर रख सकें।

देश में स्वछता को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए सरकार द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को 'स्वच्छ भारत अभियान' शुरू किया। इसका असर काफी सकारात्मक रूप से देखने को मिल रहा है और लोग देश को गंदगी मुक्त बनाने के लिए समूह में काम कर रहे हैं। यह समूह शहर शहर और गाओं तक पहुंच कर लोगों में स्वछता के प्रति जागरूकता फैलाने का काम कर रहा है। यह अभियान राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जिसका मकसद गलियों, सड़कों को साफ-सुथरा करना और कूड़ा साफ रखना है। ताकि देश का विकास तेजी से हो और बाहरी देशों के पर्यटक ज्यादा से ज्यादा हमारे देश में आएं और देश की अर्थव्यवस्था में भी बढ़ोतरी हो।

''देश तभी साफ होगा जब सफाई में सबका हाथ होगा'' इसी नारे के साथ हमे देश की प्रगति के लिए स्वछता का खास ख्याल रखना है। स्वच्छता की शुरुआत सभी को सबसे पहले अपने घर से करनी चाहिए। इसलिए अपने घर को साफ रखना बहुत जरूरी है। जैसे कि, घर में कूड़ा फैलाकर नहीं रखें, कूड़ा जब भी फेंके तो कूड़ेदान में ही फेंके, अपने आसपास पेड़-पौधे लगाएं, गंदा पानी इकठ्ठा होने से बचाएं आदि। यह आदतें काफी लाभदायक होती हैं। यह आदतें घर से शुरू होकर बाहर सड़कों और स्कूलों में पहुंचना जरूरी है। इसके अलावा हमें दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए क्योंकि उनके लिए भी स्वच्छता उतना ही जरूरी है।

## **स्वच्छता क्या है ? (What Is Cleanliness?)**

स्वच्छता का मतलब खुद को, अपने परिवार को और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना होता है। स्वच्छता की आदतों का पालन करने के लिए कभी भी किसी के जबरदस्ती नहीं करनी चाहिए बल्कि एक दूसरे को इन आदतों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो किसी के भी जीवन को बेहतर बना सकती है और कई बिमारियों से बचा कर लंबी उम्र भी प्रदान करती है। बच्चे यह आदतें सबसे पहले अपने माता-पिता फिर उसके बाद अपने शिक्षक से सीखते हैं। स्वच्छता से जुड़ी अच्छी आदतों का पालन करने के लिए बच्चों को बचपन से ही प्रोत्साहित करना चाहिए। इससे उन्हें जागरूकता हासिल होगी। साफ-सफाई कोई बहुत मुश्किल काम नहीं है बल्कि अगर आप ठान लें, तो आसानी से पालन किया जा सकता है। स्वच्छता से समझौता करने की गलती कभी नहीं करनी चाहिए। यह मनुष्यों और जानवरों के स्वास्थ्य और विकास के लिए जरूरी है।

## स्वच्छता के प्रकार (Type of Cleanliness)

स्वच्छता को आमतौर पर दो अलग-अलग भागों में बांटा जा सकता है। पहला व्यक्तिगत स्वच्छता और दूसरा पर्यावरण की स्वच्छता।

## व्यक्तिगत स्वच्छता

